दैनिक अमन लेखनी

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अगर करते हैं सिटिंग जॉब करें ये आसन-वर्कआउट



बहुत डिफरेंट ही नहीं इफेक्टिव भी हैं ये थेरेपीज

वर्ष : 12 अंक : 269 लखनऊ, 25 सितम्बर, शुक्रवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए



इससे साढ़े आठ करोड़ लोगों को परिवहन की सुविधा मिल जाएगी

### 7 शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसें आज होंगी शुरू

## मप्र में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' का शुभारंभ आज

# अब शहरों-गांवों में मिलेगी डायरेक्ट बस कनेक्टिविटी

- मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री गडकरी दिखाएंगे हरी झंडी
- बीएचईएल दशहरा मैदान भोपाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मप्र में शुक्रवार 25 सितंबर से सुगम यात्री परिवहन की दिशा में नया अध्याय लिखा जाएगा। लंबे अरसे बाद प्रदेश में सरकारी नियंत्रण में गांव से शहरों तक बसें दौड़ती नजर आएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 7 शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत करेंगे। प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार किया जाएगा।



*हर साल बढ़ाई जाएंगी 2,500 से 3,000 बसें: मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत वर्ष 2031 तक प्रदेश में 15 हजार बसें संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पहले वर्ष यह लक्ष्य 1,500 बसों के संचालन का होगा। इसके बाद प्रतिवर्ष लगभग 2,500 से 3,000 बसें बढ़ाई जाएंगी।*

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की विशेषताएं

इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से बसों के संचालन, लोकेशन और समयबद्धता की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मप्र यात्री परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एवं उसकी 7 सहायक कंपनियों में कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां से बसों की निगरानी की जाएगी। यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सर्विलांस के लिए हर बस में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल रहेगा। आपात स्थिति में यात्रियों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए बसों में पैनिक बटन की सुविधा होगी। व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस के माध्यम से प्रत्येक बस की लाइव लोकेशन की जानकारी उपलब्ध होगी। यात्रियों को बस के संचालन एवं यात्रा से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पैसेंजर इनफॉर्मेशन सिस्टम की सुविधा दी गई है।

## सफाले की एक सोसाइटी में लगी आग, 38 बिजली मीटर जलकर राख

पालघर। पालघर जिले के सफाले स्थित नाइन स्टार सेंट्रल पार्क सोसाइटी में देर रात मुख्य इलेक्ट्रिक पैनल में शॉर्ट सर्किट के बाद भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और ह्यअह्न विंग के सभी 38 बिजली मीटर, उउळश कैमरे, ऊश्फ, इंटीरियर और लाइट फिटिंग पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में करीब 3 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया गया है। घटना के दौरान पूरी छह मंजिला इमारत धुएं से भर गई और बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता से सभी रहवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में जहरीला धुआं छह मंजिलों तक पहुंच गया। रात के समय अचानक धुआं भरने से रहवासियों में दहशत फैल गई। लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। पड़ोसियों और स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर पंचनामा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की।रहवासियों ने आरोप लगाया है कि आग की वजह बिल्डिंग में की गई खराब वायरिंग और निम्न स्तर के इलेक्ट्रिकल उपकरण हो सकते हैं।

## जंगली हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर पटका

छिंदवाड़ा। कान्हा नेशनल पार्क से भटका जंगली हाथी करीब एक महीने से छिंदवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। बुधवार रात और गुरुवार सुबह बम्हनी गांव में हाथी ने जमकर उत्पात मचाया।



उसने दो किसानों के खेतों में घुसकर फसल रौंद दी। इसी दौरान खेत में पहुंचे 70 वर्षीय किसान रामप्रसाद कहार पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा रेफर किया गया। ग्रामीणों के अनुसार हाथी पिछले एक महीने से कभी जंगल तो कभी खेतों के आसपास दिखाई दे रहा है।

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रही कांग्रेस

चुनाव आयोग में आयुक्तों में टकराव पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# जहां लोकतंत्र नहीं, वहां एंटी इन्कंबेंसी नहीं ज्ञानेश देशद्रोही, उन्हें सरकार ही 'बचा' रही

*कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जेन जी को वोटर लिस्ट से बाहर रखने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि इस वर्ग में सरकार को लेकर भारी असंतोष*

### भाजपा ने कहा- राहुल को राजनीति की समझ नहीं

भाजपा ने कहा- राहुल भारतीय राजनीति के इतिहास और अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में रहने के रिकॉर्ड को ठीक से नहीं समझते

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

चुनाव आयोग में मतभेद संबंधी रिपोर्ट सामने आने के बाद विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। गुरुवार शाम को राहुल गांधी ने भी ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान उन्होंने ज्ञानेश कुमार को सरकारी गवाह बन जाने की सलाह दी। राहुल ने कहा कि अभी तक कांग्रेस जो कह रही थी, वही अब दो चुनाव आयुक्तों ने भी कहा है।

ज्ञानेश कुमार ने देश के खिलाफ काम किया है। इसी दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भूमिका की जांच की मांग भी की। देश अगले दो-तीन-चार महीनों में देखेगा कि क्या होने वाला है। राहुल ने कहा कि मैं भारत के लोगों से वादा करता हूं कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जांच होगी।

राहुल ने मांगा ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा





राहुल गांधी

### भाजपा लगातार कैसे जीत रही है चुनाव?

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत अमित शाह और नरेंद्र मोदी के भाषणों के उस ऑडियो से की, जिनमें वे लंबे समय तक भाजपा के सत्ता में रहने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा लगातार चुनाव कैसे जीत रही है। हर पार्टी का उतार-चढ़ाव आता है लेकिन भाजपा के साथ ऐसा नहीं हो रहा है। ये लगातार जीतते जाते हैं। गुजरात और एमपी में नॉन स्टॉप सरकार चले जा रही है। हरियाणा में एंटी इन्कंबेंसी गायब हो गई।

### सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ गुरुवार को महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क किया है। विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस पेश करेंगे। इसे अगले दो हफ्तों के भीतर पेश किया जाएगा। इसके अलावा, कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे 25 सितंबर को अपने-अपने राज्य के चुनाव आयोग कार्यालयों तक विरोध मार्च निकालें और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी और उन्हें पद से हटाने की मांग करें।

### भाजपा का पलटवार

### सुधांशु बोले- जिस रिपोर्ट की बात उसका आधार क्या?

राहुल की ओर से चुनावी व्यवस्था और एंटी-इन्कंबेंसी को लेकर दिए गए बयानों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके द्वारा पेश की गई जानकारी का स्रोत और आधार स्पष्ट नहीं है। ये ऐसे स्रोत हैं, जिनकी विश्वसनीयता और पहचान को लेकर सवाल हैं। त्रिवेदी ने राहुल के राजनीतिक ज्ञान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल भारतीय राजनीति के इतिहास और अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में रहने के रिकॉर्ड को ठीक से नहीं समझते। राहुल को भारतीय राजनीति की वास्तविकता को समझने की जरूरत है।





### सीईसी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

## ज्ञानेश कुमार का 48 घंटे में इस्तीफा नहीं तो जंतर मंतर 2.0 शुरू होगा

सुप्रीम कोर्ट एसआईआर से जुड़ी सभी फाइलों को सीज करे



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। सीजेपी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने गुरुवार को दिल्ली में घोषणा की कि यदि ज्ञानेश कुमार ने 48 घंटों में इस्तीफा नहीं दिया तो पूरे देश में चुनाव आयोग के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली में जंतर-मंतर 2.0 भी चलाया जाएगा। सीजेपी ने चुनाव आयोग और सरकार के सामने तीन मांगें रखीं हैं।

सीजेपी के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके और दो सह संयोजक सौरभ दास-आशुतोष रांका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ज्ञानेश कुमार, भाजपा, केंद्र सरकार और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट पर भी प्रहार किया।

### सीजेपी की क्या हैं 3 मांगें?

1. ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। उनके खिलाफ तुरंत आपराधिक मुकदमा दायर किया जाए। जवाब दिया जाए कि उन्हें कौन आदेश दे रहा था।
2. आगामी सभी चुनावों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी जाए। एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए और जनवरी 2025 की वोटर लिस्ट को बहाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर से जुड़ी सभी फाइलों को सीज करे।
3. 2023 के कानून उस कानून को वापस लिया जाए, जो चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करता है और नया कानून बनाया जाए, जिसमें सिविल सोसाइटी की भागीदारी हो।

नकद या कार्ड से करनी होगी खरीदारी

# 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' एमडीआर के विरोध में व्यापारी




मांग नहीं मानी को क्यूआर कोड को पानी में बहा देंगे व्यापारी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

यूपीआई लेन-देन पर 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के विरोध में देशभर के व्यापारी संगठनों ने गांधी जयंती यानी 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान किया है। इस दिन व्यापारी यूपीआई से भुगतान नहीं लेंगे, इसलिए ग्राहकों को खरीदारी के लिए नकद या कार्ड का सहारा लेना होगा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (एफएआईवीएम) और कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) जैसे प्रमुख संगठनों ने यह आह्वान किया है। कारोबारियों का कहना है कि यूपीआई ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाया जा रहा है, जबकि पेट्रोल-डीजल, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और अनाज जैसे कारोबार में मार्जिन पहले ही बहुत कम है। उनके मुताबिक यह नया शुल्क वित्तीय बोझ और बढ़ाएगा। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि 15 अक्टूबर से पहले फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे यूपीआई क्यूआर कोड मशीनों को पानी में बहा देंगे। विरोध की शुरुआत हो चुकी है।

## महाकाल परिसर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में 5.51 लाख मोदक का महाभोग



राज्यसभा सांसद बाल योगी संत उमेश नाथ महाराज ने पूजा की

### श्रद्धालुओं में बंटा प्रसाद

उज्जैन। श्रीमहाकालेश्वर मंदिर परिक्षेत्र स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भगवान को 5 लाख 51 मोदक का भोग लगाया गया। भोग के बाद श्रद्धालुओं में मोदक का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद बालयोगी संत उमेशनाथ महाराज ने भी सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। सप्तपुरियों में एक अवंतिका पूरी में पूर्व के महाकाल वन और वर्तमान के महाकाल मंदिर परिक्षेत्र स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में 12 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश को 5 लाख 51 हजार मोदक का भोग लगाया गया।

### फसाई ने नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा

## पनीर के नाम पर बिकने वाले नॉन-डेयरी 'एनालॉग' उत्पादों पर लग सकता है बैन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पनीर के नाम पर बिक रहे नॉन-डेयरी 'एनालॉग' उत्पादों की बिक्री पर देशभर में रोक लग सकती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फसाई) ने इससे संबंधित नियमों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ऐसे उत्पादों की बिक्री और मार्केटिंग में 'पनीर' शब्द के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी है। फसाई ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी कर आम लोगों और संबंधित पक्षों से 60 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। एनालॉग उत्पाद ऐसे गैर-डेयरी खाद्य पदार्थ होते हैं।



### लेबल पर 'पनीर' लिखने पर रोक का प्रस्ताव

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, ऐसे उत्पाद जिनमें इस्तेमाल किए गए प्रमुख घटक दूध से प्राप्त नहीं होते, उन्हें पनीर के नाम से बेचने की अनुमति नहीं होगी। पहले से लाइसेंस या पंजीकृत 'एनॉलाग इन डेयरी कॉन्टेस्ट' श्रेणी के उत्पादों को भी अपने नाम, लेबल और मार्केटिंग में 'पनीर' शब्द का इस्तेमाल बंद करना होगा।

### हितानंद शर्मा की संघ में वापसी के बाद जनवरी से खाली था पद, 8 महीने बाद मप्र भाजपा को मिला नया संगठन महामंत्री

- चंद्रशेखर पहले राजस्थान में संगठन महामंत्री थे
- वहां से तेलंगाना प्रदेश में इसी पद पर भेजे गए थे
- वहां से वे उत्तर भारत में वापसी का कर रहे थे प्रयास
- वे एक कुशल संगठक व मितभाषी, चकाचौंध से रहते हैं दूर

# अब बांदा के रहने वाले चंद्रशेखर मिश्रा संभालेंगे संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मध्य प्रदेश भाजपा को करीब 8 महीने के इंतजार के बाद नया प्रदेश महामंत्री (संगठन) मिल गया है। भाजपा के केंद्रीय संगठन की ओर से जारी नियुक्तियों की सूची में चंद्रशेखर को मध्य प्रदेश का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है। उनका केंद्र भोपाल रखा गया है। अब वे प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ प्रदेश संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे। चंद्रशेखर की नियुक्ति के साथ ही जनवरी 2026 से खाली चल रहे संगठन महामंत्री के पद पर करीब 236 दिन बाद पूर्णकालिक नियुक्ति हुई है। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में संगठन से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मध्य प्रदेश भाजपा के तत्कालीन संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के 31 जनवरी 2026 को संघ में वापस जाने के बाद यह पद खाली हुआ था।



चंद्रशेखर मिश्रा

### राजस्थान से बाहर नई जिम्मेदारी चाही थी

राजस्थान भाजपा में चंद्रशेखर का कार्यकाल करीब 6 साल का रहा। 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने राजस्थान से बाहर नई जिम्मेदारी दिए जाने की इच्छा जताई थी। इसके बाद जनवरी 2024 में उन्हें तेलंगाना भेजा गया।

### संघ की पृष्ठभूमि से हैं चंद्रशेखर

चंद्रशेखर आरएसएस की पृष्ठभूमि से आते हैं और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बांदा के रहने वाले हैं। उन्होंने संघ में काशी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन का काम किया है। काफी वक्त उन्होंने झांसी में भी बिताया। वर्ष 2014 में वाराणसी लोकसभा सीट पर भी उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर काम किया था। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि एकदम से सादगी भरी है। वे जमीन से जुड़े नेता हैं। उन्हें सितंबर 2017 में उन्हें राजस्थान भाजपा का संगठन महामंत्री बनाया गया। करीब छह साल तक राजस्थान में संगठन की जिम्मेदारी संभालने के बाद जनवरी 2024 में उन्हें तेलंगाना का संगठन महामंत्री बनाया गया। वहां भी उन्होंने 2026 तक संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाली।

# फैशन, स्टाइल और एंटरटेनमेंट का नया मंच – एआईएसडब्ल्यू ऑडिशन का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। फिल्मियागी प्रोडक्शन के फाउंडर अभिषेक द्रोहर द्वारा अपनी दूसरी कंपनी अवध इंटरनेशनल स्टाइल वीक के माध्यम से एक भव्य फैशन एवं स्टाइल इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की ऑर्गनाइजर आकांक्षा सिंह हैं, जबकि तारुशी सिंह को-ऑर्गनाइजर की भूमिका निभा रही हैं। एआईएसडब्ल्यू के आगामी आयोजन के लिए 24 सितंबर को जन्नत ङ्ग, मिलेनियम पैलेस, लखनऊ में ग्रैंड ऑडिशन आयोजित किया जा रहा है। ऑडिशन में मॉडल्स को अपनी प्रतिभा, कॉन्फिडेंस, पर्सनैलिटी और रनवे स्किल्स प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। इस ऑडिशन में फैशन एवं मॉडलिंग जगत से जुड़े कई प्रमुख




चेहरे भी शामिल हुए। इनमें उन्नति सिंह – मिस लखनऊ 2026 की विजेता, आदित्य निषाद – मिस्टर लखनऊ 2026 के विजेता, तथा प्रियंका सिंह रघुवंशी – ट्रांस एक्टिविस्ट, मॉडल, एक्टर एवं सोशल वर्कर प्रमुख रूप से शामिल हैं। आयोजन को सफल बनाने में फिल्मियागी प्रोडक्शन की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम के सामूहिक प्रयासों से ऑडिशन को व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जा रहा है और प्रतिभागियों को एक प्रोफेशनल फैशन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। इस आयोजन में को-ऑर्गनाइजर तारुशी सिंह जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी सक्रिय भागीदारी और टीम के साथ समन्वय ने पूरे आयोजन को बेहतर तरीके से संचालित करने में योगदान दिया है।

### 8 अक्टूबर को होगा मुख्य आयोजन

एआईएसडब्ल्यू का मुख्य आयोजन 8 अक्टूबर को क्लब गेस्टो, लखनऊ में प्रस्तावित है, जहां फैशन, स्टाइल, ग्लैमर और एंटरटेनमेंट का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

### फिल्मियागी फैशन वीक सीजन 5 की तैयारी

फिल्मियागी प्रोडक्शन का बहुप्रतीक्षित फिल्मियागी फैशन वीक सीजन 5 भी जल्द ही आयोजित होने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, डांडिया नाइट का जश्न दिसंबर के अंत तक आयोजित होने की संभावना है। इस आयोजन को लेकर मॉडल्स, डिजाइनर्स और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में उत्साह बना हुआ है।

### अक्टूबर में होगा भव्य डांडिया

इसी कड़ी में 17 और 18 अक्टूबर को आठ महासागर कार्यक्रम के सहयोग से भव्य डांडिया का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को 'यूपी की सबसे बड़ी डांडिया नाइट' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ वासियों के लिए गरबा, डांडिया, संगीत और मनोरंजन से भरपूर एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। फिल्मियागी प्रोडक्शन के फाउंडर अभिषेक द्रोहर का उद्देश्य लखनऊ में फैशन, मॉडलिंग और एंटरटेनमेंट से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को बेहतर मंच प्रदान करना और शहर में बड़े स्तर के प्रोफेशनल आयोजनों को बढ़ावा देना है।

# मोहनलालगंज-निगोहां में अखिलेश का भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गुरुवार को रायबरेली दौरे के दौरान मोहनलालगंज और निगोहां में पार्टी कार्यकताओं का उत्साह देखने को मिला मोहनलालगंज कस्बे में अधिवक्ताओं और सपा समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया जबकि निगोहां टोल प्लाजा पर प्रदेश सचिव एवं 175 कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अमरपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। मोहनलालगंज पहुंचते ही अखिलेश यादव के स्वागत के लिए सड़क किनारे बार एसोसिएशन महामंत्री रामलखन यादव, पूर्व अध्यक्ष सरवन यादव, दल्लू सिंह, अमरेंद्र सिंह, शिव अटल सिंह, सहित सैकड़ों अधिवक्ता व कार्यकताओं की भीड़ जुट गई नारेबाजी के बीच उन्होंने वाहन से उतरकर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया और उनका



उत्साहवर्धन किया इसके बाद काफिला रायबरेली के लिए रवाना हो गया निगोहां टोल प्लाजा पर भी बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया पूरे कार्यक्रम के दौरान पार्टी के समर्थन में नारे गूंजते रहे स्वागत में पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, सपा नेत्री अर्चना रावत, बिना रावत, पूर्व प्रधान अजय सिंह, विकास सिंह, पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता, श्याम सिंह, जतिन सिंह, समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे वही रायबरेली पहुंचकर अखिलेश यादव ने चुरुआ सीमा से पार्टी की पीडीए रथ यात्रा की शुरूआत की पार्टी के अनुसार यह अभियान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से निकाला जा रहा।

# टीजीटी में चयन के साथ मुकेश मिश्र को मिला 'सारस्वत शिखर सम्मान'

**हिंदी भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर प्रयागराज में हुए सम्मानित**

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां, । निगोहां निवासी मुकेश मिश्र ने टीजीटी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक) में चयन के साथ हिंदी भाषा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हिंदी भाषा एवं शुद्ध लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें प्रयागराज में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 'सारस्वत शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। हिंदी संसार ऑनलाइन संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में प्रख्यात हिंदी व्याकरणाचार्य आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडेय की मौजूदगी में संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक स्वामी ने मुकेश मिश्र को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया सम्मान मिलने पर समारोह में मौजूद शिक्षकों और अभ्यर्थियों ने तालियों से उनका स्वागत किया समारोह में उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से टीजीटी, पीजीटी, डीएसएसएसबी सहित अन्य



प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित सैकड़ों शिक्षक व अभ्यर्थी शामिल हुए इस दौरान आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडेय ने हिंदी व्याकरण, भाषा की शुद्धता और प्रभावी लेखन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला डॉ. अशोक स्वामी ने बताया कि संस्थान के माध्यम से अब तक हजारों अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के साथ हिंदी भाषा और शुद्ध लेखन को बढ़ावा देना इसी उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाता समारोह में आकाशवाणी की सहायक निदेशक नेहा गुप्ता, दूरदर्शन प्रयागराज के प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोकेश शुक्ल सीएमपी कॉलेज की प्रो. सरोज सिंह साहित्यकार श्रीप्रकाश मिश्र प्रवक्ता मनोज स्वामी समेत कई शिक्षाविद मौजूद रहे वही मुकेश मिश्र को सम्मान मिलने पर निगोहां क्षेत्र में खुशी का माहौल शिक्षकों साहित्यकारों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि उनकी सफलता ग्रामीण अंचल के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए गुरुवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को संरक्षण में लेकर उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया ई-रिक्शा का चार्जर और बिजली का तार बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के अम्बरपुर निवासी विकास साहू ने 23 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 सितंबर की रात उसके घर के बाहर चार्जिंग के लिए खड़े ई-रिक्शा से उसका चार्जर चोरी हो गया। विकास ने इस मामले में गाँव के ही आलोक, शिवा, विशाल और एक बाल अपचारी पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं कानपुर निवासी निकोलस ने बीती 10 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बंथरा स्थित गोल्डन सिटी में निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर चोर बिजली के तारों के बंडल सहित अन्य सामान



चोरी कर ले गए पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर घटनाओं के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गईं। तभी तकनीकी व अन्य साक्ष्यों के अलावा मुखबिर की मदद से पुलिस ने बीनी रात 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में एक बाल अपचारी के अलावा अन्य ने अपना नाम अम्बरपुर निवासी आलोक रावत (19), शिवा (19) और विशाल मौर्या (21) बताया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपी आपस में दोस्त हैं और शौक व खर्च पूरे करने के लिए मिलकर चोरी करते थे। उन्होंने निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर बिजली के तार चोरी करने और इसके बाद ई-रिक्शा का चार्जर चोरी करने की बात भी कबूली। चोरी का सामान बेचने जाते समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस ने चारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी को बाल सुधार गृह, जबकि तीन अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# पिता की अंतिम विदाई के बीच गूंजी बेटी की किलकारी

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। सिसेंडी क्षेत्र के जबरेला गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सई नदी में डूबने से हरिप्रसाद की मौत हो गई थी। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक छा गया गुरुवार को जब परिजन नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दे रहे थे उसी समय अस्पताल से आई एक खबर ने सभी को भावुक कर दिया। मृतक हरिप्रसाद की पत्नी श्यामवती ने एक पुत्री को जन्म दिया यह ऐसा मार्मिक संयोग था कि जिस समय परिवार हरिप्रसाद के अंतिम संस्कार की रस्में निभा रहा था उसी समय उनकी बेटी ने इस दुनिया में पहली सांस ली जन्म से एक दिन पहले ही मासूम के सिर से पिता का साया उठ चुका था परिवार के लिए यह क्षण एक साथ गहरे दुख और नई उम्मीद लेकर आया जिस आंगन में नवजात के स्वागत की तैयारियां होनी थीं वहां शोक का माहौल था। परिजन बेटी के जन्म को ईश्वर का आशीर्वाद मानते हुए हरिप्रसाद के असमय निधन के



दुख को सहने की कोशिश कर रहे। वही ग्रामीणों ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गांव में पूरे दिन इस मार्मिक संयोग की चर्चा होती रही एक ओर परिवार ने अपना मुखिया खो दिया तो दूसरी ओर उसी घर में एक नई जिंदगी ने जन्म लेकर उम्मीद की एक नई किरण जगा दी।

# चकबंदी खत्म होते ही अधिकारियों का क्षेत्राधिकार भी खत्म

**अमन लेखनी समाचार**

- नई आपत्तियों पर रोक, नियम तोड़ने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए निर्देश दिए गए हैं कि किसी गांव में चकबंदी प्रक्रिया पूरी होते ही चकबंदी अधिकारियों का क्षेत्राधिकार भी समाप्त माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन कर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश के अनुसार, उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 6(1) के तहत प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चकबंदी अधिकारियों का संबंधित गांव पर अधिकार नहीं रहेगा। धारा 6(2) की कार्रवाई पूरी होने के बाद लंबित मामलों को समाप्त मानते हुए गांव के सभी अभिलेख तत्काल तहसील प्रशासन को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। अंतिम संशोधनों से जुड़े आदेशों की प्रमाणित सूचियां तैयार कर अभिलेखागार, चकबंदी कार्यालय और तहसील को भेजी जाएंगी। किसी गांव से संबंधित आदेश निरस्त कराने का मामला सामने आने पर उसे सक्षम स्तर पर भेजना होगा। निर्देशों में धारा 52(1) की विज्ञप्ति जारी होने के बाद नई आपत्तियां, संदर्भ या पुनर्स्थापन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं करने को स्पष्ट किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामलों को दोबारा शुरू करना क्षेत्राधिकार से बाहर हो सकता है। नियमों की अनदेखी कर आदेश जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# यूपीआईटीएस : ग्लोबल सोर्सिंग हब बनेगा यूपी

**अमन लेखनी समाचार**

- ग्रेटर नोएडा में आज से जुटेगा देश-दुनिया का कारोबारी जगत
- गृह मंत्री अमित शाह व सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार और सोर्सिंग के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार का प्रमुख आयोजन उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) शुक्रवार से ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुरू होगा। पांच दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

25 से 29 सितंबर तक होने वाले यूपीआईटीएस के चौथे संस्करण में इस बार आयोजन का दायरा और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी दोनों बढ़ाई गई हैं। इसमें 2,400 से अधिक प्रदर्शक, 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार, 1.5 लाख से अधिक बीटूबी खरीदार एवं आगंतुक और करीब 4.5 लाख सामान्य आगंतुकों के पहुंचने की उम्मीद है। इस तरह कुल आगंतुक संख्या पांच लाख से अधिक रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल टू ग्लोबल विजन के अनुरूप आयोजित यूपीआईटीएस उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पादों, एमएसएमई, ओडीओपी, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पादों और आधुनिक उद्योगों को देश-दुनिया के बाजार से जोड़ने का मंच बनेगा। आयोजन में व्यापार और निवेश के साथ प्रदेश की संस्कृति, खान-पान, नवाचार और उद्यमशीलता को भी वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं।

सरकार ऐसा कारोबारी इकोसिस्टम विकसित कर रही है, जिसमें उद्यमियों को नवाचार, विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। यूपीआईटीएस-2026 में ऑस्ट्रिया, जापान, रूस, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम पार्टनर देशों के रूप में शामिल होंगे। इनके माध्यम से व्यापार साझेदारी, तकनीकी सहयोग, निवेश, सोर्सिंग और नए बाजारों तक पहुंच के अवसर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम से पहले ही 72 देशों से विदेशी खरीदारों के पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। यूपीआईटीएस के इस संस्करण में उत्तर प्रदेश की पाक विरासत को भी वैश्विक मंच मिलेगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के साथ इस बार वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूजीन को विशेष पहचान दी जाएगी। पांच दिवसीय आयोजन में बिजनेस एंगेजमेंट, नॉलेज सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव परफॉर्मेंस, अवॉर्ड्स, फैशन शो और लेजर शो जैसे कार्यक्रम होंगे। यूपीआईटीएस का 2025 संस्करण भी बड़े पैमाने पर आयोजित हुआ था। इसमें 5,07,099 आगंतुक पहुंचे थे, जिनमें 1,40,735 बीटूबी आगंतुक शामिल थे।

35 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित प्रदर्शनी में 2,228 प्रदर्शकों ने भाग लिया था। आयोजन में 85 देशों के 550 से अधिक विदेशी खरीदार जुड़े थे। यूपीआईटीएस-2026 में डिजिटल सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। सरकार के अनुसार, यूपीआईटीएस जैसे मंच उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

# 317 होटल-रेस्टोरेंटों की जांच, गंभीर खामियों पर निरस्त होगा लाइसेंस

**अमन लेखनी समाचार**

- एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री से लेकर गंदगी और वेज-नॉनवेज के अनुचित भंडारण तक मिलीं कमियां

**लखनऊ।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होटल और रेस्टोरेंटों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। गुरुवार को प्रदेश के मुरादाबाद, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर और कानपुर नगर में 317 होटल-रेस्टोरेंट इकाइयों का निरीक्षण किया गया। गंभीर अनियमितताओं वाले प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की गई है। अभियान के तहत मुरादाबाद में 52, प्रयागराज में 40, अयोध्या में 97, बरेली में 34, गोरखपुर में 34 और कानपुर नगर में 60 इकाइयों की जांच हुई।

कानपुर नगर के एक रेस्टोरेंट में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री, खराब सफाई, कीड़े-मकौड़े और गंदे पानी का जमाव मिला। फ्रीजर में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ भी एक साथ रखे मिले। प्रयागराज के एक होटल में गंदा किचन, खराब ड्रेनेज तथा कच्चे खाद्य पदार्थों और उपकरणों की अपर्याप्त सफाई पाई गई। गोरखपुर में जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में खराब हाइजीन, जाम ड्रेनेज, कॉकरोच और वेज-नॉनवेज खाद्य पदार्थों के अनुचित भंडारण जैसी कमियां सामने आईं। अयोध्या में एक प्रतिष्ठान में फंगस, कीड़े-मकौड़े और एक्सपायर्ड सामग्री मिली, जबकि दूसरे स्थान पर जलभराव, जाम ड्रेनेज और खराब फ्रीजर की स्थिति सामने आई। बरेली और मुरादाबाद में भी जाम ड्रेनेज, कॉकरोच और खाद्य पदार्थों के असुरक्षित भंडारण की शिकायतें मिलीं।

विभाग की टीमें खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, किचन की स्वच्छता, सुरक्षित स्टोरेज और वेज-नॉनवेज खाद्य पदार्थों के अलग भंडारण एवं निर्माण की जांच कर रही हैं। विभाग के अनुसार अलग बर्तन और भंडारण व्यवस्था से क्रॉस-कंटेमिनेशन का खतरा कम किया जा सकता है। सामान्य कमियों पर सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं, जबकि गंभीर मामलों में वैधानिक कार्रवाई और लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की जा रही है।

# युवती ने युवक पर पीछा करने, ब्लैकमेल कर शोषण का लगाया आरोप

**धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और धमकी देने का भी आरोप, मां ने भी बेटी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र की एक युवती ने एक युवक पर पीछा करने, ब्लैकमेल कर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती के मुताबिक, वर्ष 2020-21 में वह कक्षा 11 में पढ़ती थी और उसकी उम्र करीब 17 वर्ष थी। आरोप है कि स्कूल आने-जाने के दौरान युवक उसका पीछा कर परेशान करता था। लोकलाज के कारण उसने परिजनों को इसकी जानकारी नहीं दी। युवती का आरोप है कि जनवरी 2021 में युवक ने घर के बाहर उसे अकेला पाकर उसकी मांग में सिंदूर भर दिया और फोटो खींच लिया। विरोध करने पर फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि करीब एक सप्ताह बाद युवक ने उसी फोटो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया और कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धर्म परिवर्तन, कलमा पढ़ने और बुर्का पहनने का दबाव भी बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### मां ने भी बेटी के खिलाफ दी तहरीर

युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। वहीं, युवती की मां ने भी बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बेटी पर घर में गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया। मां ने बेटी के चाल-चलन को लेकर भी शिकायत की है। पुलिस मां की तहरीर पर युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दोनों घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**अमन लेखनी समाचार**



सड़क हादसे में घायल संत कुमार

लखनऊ। इलेक्ट्रिक सामान लेने जा रहे एक बाइक सवार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के माधवापुर निवासी संतकुमार बृहस्पतिवार दोपहर को घर से इलेक्ट्रिक सामान लेने मलिहाबाद की ओर जा रहा था। तभी अमानीगंज के हंस मेडिकल स्टोर के पास पहुंचते ही मलिहाबाद की ओर से आ रहे माल नबीपनाह निवासी दीपक की बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए वही संत कुमार का पैर टूट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है। घायल संत कुमार के भाई अखिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर लापरवाही से बाइक चलाने की दीपक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर शटरिंग कारीगर छत से गिरा, घायल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। दो मंजिला इमारत पर शटरिंग का काम कर रहा एक युवक ऊपर से गुजर रही 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट का तेज झटका लगने से युवक करीब 30 फीट नीचे पक्के नाले में जा गिरा। हादसे में उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुकान मालिक अय्यूब और ग्रामीणों ने आनन-फानन घायल युवक को नजदीकी निजी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।



घायल रमाकांत – फोटो

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाहार निवासी रमाकांत (28) शटरिंग का काम करता है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह उन्नाव बॉर्डर के पास कटरा तरौना स्थित पूर्व प्रधान रहीमाबाद चौराहे के पास बनी मार्केट में दो मंजिला इमारत पर शटरिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान वह लोहे की हथौड़ी से लकड़ी की शटरिंग में कील ठोक रहा था। तभी हथौड़ी ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से जा टकराई।

लाइन की चपेट में आते ही रमाकांत को करंट का झटका लगा और वह संतुलन खोकर करीब 30 फीट नीचे बने पक्के नाले के ऊपर जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद उसके सिर और नाक से काफी खून बह रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल उसे नजदीकी कुंदन हॉस्पिटल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## संक्षेप

### कोर्ट के आदेश पर ससुरालीजनो पर दर्ज हुआ दहेज हत्या का मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनन खेड़ा भगवंतनगर से दहेज उत्पीड़न और हत्या के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आधा दर्जन ससुरालीजनों पर गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। प्राप्त शिकायत के अनुसार, शिवकुमार निवासी कतिकहा थाना सरेनी जनपद रायबरेली ने सीजेएम कोर्ट उन्नाव मे प्रार्थना पत्र देकर बताया की उसकी बेटी नेहा का विवाह 21 जून 2018 को मनोज कुमार निवासी रामनन खेड़ा थाना बिहार के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल जन दिए गए दहेज से असंतुष्ट थे और अतिरिक्त दहेज के रूप में 'बुलेट' मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। आरोप है कि बुलेट मोटरसाइकिल न मिलने पर पति मनोज कुमार, ससुर राजेन्द्र प्रसाद, सास गिरजा देवी, देवर राजा, ननद कुन्ती और चचेरे देवर अनुज कुमार द्वारा नेहा के साथ मारपीट, गाली-गलौज और बांझ कहकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। जब भी नेहा अपने मायके आती, तो यह बात अपने परिजनों को बताती थी। पिता शिवकुमार का आरोप है कि 13 मई 2026 को समय लगभग शाम 4:15 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने षड्यंत्र रचकर नेहा को जहर दे दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सी जे एम कोर्ट उन्नाव के आदेश पर पुलिस ने नामजद पति समेत 6 लोगों पर दहेज उत्पीड़न सहित हत्या का मामला दर्ज कर लिया । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया है । जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

### किरायेदारों ने मकान मालिक के साथ की मारपीट

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के गांव जगेंनगर निवासी बलराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार गांव के लोग बिहार स्थित गयाजी जा रहे थे इस पर मैंने किराये दारो से कहा कि गैलरी में जो सामान रखा है वह किनारे रख दो जिससे अंदर जाने का रास्ता हो जाएगा साथ ही गयाजी जाने वाले लोग अंदर चावल भी डाल देगे इसी बात को लेकर हरिओम, अनुज, सुनील सिंह व पप्पू सिंह ने गाली गलौज शुरू कर दी जब गाली देने से मना किया तो चारों ने मिलकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि नशे बाजी मे मारपीट की घटना हुई है पीडित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### स्कूल गई छात्रा हुई लापता मां ने दर्ज कराई गुमशुदगी

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव महाई निवासी 16 वर्षीय छात्रा साइकिल से स्कूल गई थी वापस घर न लौटने पर छात्रा की माँ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया हैमहाई निवासी ललिता देवी ने बताया कि बुधवार को उसकी पुत्री घर से अपनी साइकिल से स्कूल जाने के लिए गई थी । छुट्टी होने के बाद घर न लौटने पर उन्होंने स्कूल जाकर पता किया तो वहां पर स्कूल न आने की बात बताई गई ।काफी खोजबीन के बाद भी छात्रा का कुछ पता नहीं चला तो छात्रा की माँ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है ।कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है । किशोरी की खोजबीन की जा रही है।

# रात में भारी विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुहाल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा समेत आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों रात के समय हो रही लगातार और भारी विद्युत कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उमस और गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को रात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों, छोटे बच्चों और रोजमर्रा के कामकाज से जुड़े लोगों को विद्युत कटौती का सबसे अधिक असर झेलना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में किसी तरह बिजली की समस्या सहन कर ली जाती है, लेकिन रात के समय लंबे अंतराल तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। बिजली न होने के कारण घरों में पंखे और कूलर बंद हो जाते हैं, जिससे उमस भरी रात में लोगों के लिए आराम करना मुश्किल हो जाता है। बीमार और बुजुर्ग लोगों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में होने वाली विद्युत कटौती का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को बिजली न रहने के कारण पढ़ाई करने में परेशानी होती है। कई विद्यार्थियों को मजबूरी में मोबाइल की रोशनी अथवा अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि रात के समय बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण बच्चों की पढ़ाई का समय प्रभावित हो रहा है। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि कम से कम रात के समय विद्युत आपूर्ति को सुचारु रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी न हो। बिजली कटौती से सबसे ज्यादा परेशानी घरों में रहने वाले बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हो रही है। गर्मी और उमस के बीच बिजली न रहने से उन्हें बेचैनी और असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में यदि विभागीय अधिकारियों से संपर्क हो जाए तो समस्या के समाधान की उम्मीद रहती है, लेकिन शिकायत के लिए संपर्क करना भी मुश्किल हो रहा है ।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बांगरमऊ विद्युत सब स्टेशन के कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर कई बार स्विच ऑफ मिलता है। इसके अलावा संबंधित अधिकारी और कर्मचारी फोन नहीं उठाते, जिससे बिजली कब आएगी और कटौती का कारण क्या है, इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाती। नगरवासियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बांगरमऊ क्षेत्र में रात के समय होने वाली विद्युत कटौती की वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए। साथ ही विद्युत सब स्टेशन के कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर नियमित रूप से चालू रखने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का फोन पर जवाब देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर उपभोक्ताओं को रात के समय घंटों परेशान नहीं होना चाहिए। विभाग को फॉल्ट और आवश्यक तकनीकी कार्यों के अलावा अनावश्यक कटौती से बचते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए ।नगरवासियों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर बांगरमऊ में रात के समय विद्युत कटौती की समस्या का समाधान कराने तथा कंट्रोल रूम की संचार व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# स्वच्छता ही सेवा 2026: जन भागीदारी के तहत सीएचसी पहुंची नगर पंचायत की टीम

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत गंजमुरादाबाद द्वारा स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत की अध्यक्ष रूबी व अधिशासी अधिकारी सुश्री गुंजन गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को नगर पंचायत की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर ह्लजन भागीदारीह्व कार्यक्रम के तहत मरीजों, तीमारदारों एवं अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों को साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर पंचायत टीम ने लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। घर, सड़क, बाजार, सार्वजनिक स्थल तथा अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा रखने में आम नागरिकों की सहभागिता बेहद आवश्यक है। लोगों से अपील की गई कि वे कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फेंकें और निर्धारित स्थान पर ही कूड़े का निस्तारण करें। अभियान के दौरान लोगों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने तथा अपने आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत कर्मियों ने बताया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना और भी आवश्यक है, क्योंकि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके तीमारदार पहुंचते हैं। स्वच्छ वातावरण से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधी माहौल उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। नगर पंचायत की टीम ने लोगों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने और अपने आसपास के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि ह्लस्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ और बेहतर समाज के निर्माण की जिम्मेदारी है।

# पारिवारिक कलह के चलते युवक ने खाया जहर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के खरगौरा गांव में बुधवार रात पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले सीएचसी ले जाया गया, वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान खरगौरा निवासी राम नरेश (30) पुत्र स्व. राम भजन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिससे आहत होकर राम नरेश ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल के लिए निकले, लेकिन सफीपुर से उन्नाव के बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है - 5 साल की बेटी और 3 साल का बेटा। युवक की मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मामले की जांच की जा रही है।



# 16वें गणेश महोत्सव के अष्टम दिवस पर कृष्ण बाल लीला की धूम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हिलौली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लउवा में विनोद दीक्षित एवं उनके समस्त परिवार तथा सहयोगियों द्वारा विगत 16 वर्षों से आयोजित हो रहे भव्य गणेश महोत्सव के अष्टम दिवस पर आचार्य पंडित विपिन मिश्रा जी महाराज हरदोई ने अपनी मधुर वाणी एवं संगीतज्ञ कलाकारों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विशेष वर्णन किया। इस दौरान पंडाल में भगवान गणेश जी की दिव्य झांकी, बाल गोपाल की माखन चोरी लीला, कालिया नाग दमन, गोवर्धन पर्वत धारण, राधा-कृष्ण की युगल झांकी सहित अनेकों अनेक मनोहारी झांकियां निकाली गईं जिनसे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। मधुर कथा और इन झांकियों को देखकर पंडाल में बैठे सभी श्रोता, भक्तगण एवं ग्रामवासी मंत्रमुग्ध हो गए और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के उपरांत मीडिया कर्मी विनोद दीक्षित द्वारा आए हुए कलमकारों में मनोज दीक्षि हरिराम यादव, जयशंकर पाण्डेय, पूर्व सभासद टिंकू त्रिपाठी, अधिवक्ता अरुण मिश्रा, धीरू श्रीवास्तव सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा दीक्षित परिवार एवं कमेटी सहयोगियों द्वारा सभी अतिथियों, दर्शकों, श्रोताओं एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। और 25 तारीख को मूर्ति विसर्जन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है जिसमें सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है विशाल विसर्जन और भंडारे में सम्मिलित होकर प्रभु का प्रसाद ग्रहण करें




# परिषदीय स्कूलों में मीना दिवस का किया गया भव्य आयोजन


अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। परिषदीय स्कूलों में मीना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल की छात्राओं ने केक काटकर मीना का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। साथ ही लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति देकर बालिका शिक्षा का संदेश दिया। गुरुवार को परिषदीय स्कूलों में मीना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। विकास खण्ड हिलौली के उच्च प्राथमिक स्कूल भवानीगंज में मीना दिवस का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जेसिका, अंशिका, कामिनी, खुशनुमा, सोनाली, मोनिका आदि छात्राओं द्वारा लघु नाटिका बदलीपुर के चीते का मंचन किया गया जबकि लघु नाटिका मुझे पढ़ना है, आगे बढ़ना है का मंचन अनामिका, अनमोल, नीशू, अर्पिता द्वारा किया गया। मीना मंच की नोडल पल्लवी मिश्रा ने बताया कि मीना मंच यूनिसेफ द्वारा शुरू किया गया एक ऐसा अभियान है जो बच्चों, खासकर बालिकाओं की शिक्षा, अधिकारों और सामाजिक बदलाव की कहानियों पर आधारित है। मीना एक समझदार और बहादुर लड़की है जो दक्षिण एशिया की एक आम ग्रामीण जीवन शैली का प्रतिनिधित्व करती है। इस दौरान मीना के अभिनय में खुशी के द्वारा केक काटा गया। कार्यक्रम में प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार, वंदना शर्मा, सतीश कुमार, शिवम चौरसिया, रचना दीक्षित, ममता, अर्चना, संगीता समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चों ने सहभागिता की।

# आवंटित कृषिभूमि पर दबंग भू-माफिया का अवैध कब्जा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम भाटनखेड़ा की एक गरीब महिला ने स्थानीय प्रशासन और शासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री, तहसील समाधान दिवस तथा थाना समाधान दिवस मौरावां को अलग-अलग दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों में आरोप लगाया है कि एक दबंग भू-माफिया उसकी आजीविका का एकमात्र साधन बनी सरकारी आवंटित कृषि भूमि को जबरन हड़पने का कुत्सित प्रयास कर रहा है। ?प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भाटनखेड़ा निवासी निर्मला पत्नी अनिल कुमार को करीब 20 वर्ष पूर्व सरकार द्वारा गाटा संख्या 315 मि (रकबा 0.0630 हेक्टेयर कृषि भूमि आवंटन के रूप में प्राप्त हुई थी। पीड़िता का परिवार इसी जमीन पर कड़ी मेहनत कर अपनी आजीविका चला रहा है। पीड़िता का आरोप है कि ग्राम बैसनखेड़ा के रहने वाले रामबरन रावत पुत्र रामआसरे जो कि जमीन खरीद-फरोख्त का अवैध कारोबार करता है। उसकी बुरी नजर इस जमीन पर है। आरोपी पिछले एक साल से इस भूमि को बेचने का दबाव बना रहा था। जब पीड़िता और उसके पति ने अपनी आजीविका का हवाला देते हुए जमीन बेचने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी ने साजिश के तहत दूर के किसी अन्य सहखातेदार की जमीन का बैनामा किसी अन्य व्यक्ति से करा लिया और अब पीड़िता की कानूनी रूप से काबिज आवंटित भूमि पर जबरन कब्जा करने पर उतारू हो गया है ।हाल ही में दिए गए समाधान दिवस मे प्रार्थना पत्रों में पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाया है कि आरोपी रामबरन रावत एक शातिर और दबंग भू-माफिया है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि दबंग ने पीड़िता की जमीन पर जबरन जेसीबी और ट्रैक्टर चलवाकर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर आरोपी पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। ?पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी आशंका जताई है कि यदि उसे या उसके पति के साथ कोई अनहोनी या दुर्घटना होती है, तो उसके लिए सीधे तौर पर रामबरन रावत और उसके सहयोगी जिम्मेदार होंगे। पीड़ित परिवार ने माननीय मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी उन्नाव और स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले का तुरंत संज्ञान लिया जाए। दबंग भू-माफिया के अवैध कब्जे से गरीब महिला की आवंटित भूमि को मुक्त कराया जाए तथा आरोपी के विरुद्ध कठोर विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि एक पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# बैंक जा रही वृद्धा को बाइक ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मगरवारा क्षेत्र में बुधवार शाम बैंक जा रही एक 55 साल की महिला की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। मृतका मसवासी गांव की मुन्नी देवी (55) बताई गई है। परिजनों के मुताबिक वह शाम लगभग 4 बजे बैंक ऑफ इंडिया, मगरवारा जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

मुन्नी देवी के साथ मौजूद उनकी रिश्तेदार ने तुरंत घर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

परिजन आदेश कुमार ने बताया कि मुन्नी देवी उनकी बड़ी मां थीं। उनके पति मिश्री लाल पाल की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपने पीछे एक बेटा (28 वर्ष) और दो शादीशुदा बेटियां छोड़ गई हैं।



घटना की सूचना पर मगरवारा चौकी इंचार्ज रवि पांडे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

# त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक सभागार में कृषक गोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लाक सभागार में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार रहे। उन्होंने किसानो को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं बीज की मिनी किट वितरित की। विधायक ने बताया कि हमारे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा किसानों की समृद्धि से ही गांव और प्रदेश की समृद्धि संभव है। इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि खेती को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाया जाए। आज कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। आप लोग खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, सब्जी उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन तथा अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में एडीओ सहकारिता श्याम सिंह, बीज भंडार प्रभारी दीप कुमार एवं किसान भाई मौजूद रहे।

# साहित्यकार की श्रद्धांजलि समारोह में पहुंचे आयुष मंत्री व्यक्त किए अपने विचार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज जिले की मिट्टी में शौर्य और शहादत की सुगंध आती है आवाम की आजादी में बलिदानियों के साथ कवि एव साहित्यकारों ने अपनी कलम की पैनी धार से क्रांति का बीज बो दिया ।तब जाकर आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है ।उक्त उदगार प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु ने गुरुवार को अमर साहित्यकार पंडित स्थित प्रताप मिश्र के 171 वीं जयंती समारोह में उनके पैतृक गांव बेथर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में जितना महत्व तलवार या बंदूक का होता है उतना ही कलमकार की लेखनी का होता है इसी आजादी की लड़ाई में अपनी सशक्त लेखनी की पैनी धार से लोगों के अंदर नयी ऊर्जा का संचार भरने का काम पंडित प्रताप नारायण मिश्र ने किया। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान देश में गाय , गंगा , हिंदी हिन्दू हिंदुस्तान के लिए संक्रमण काल चल रहा था ।इसी दौरान मिश्र ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपनी बात जनता के सामने निर्भीकता से रखी । इस अवसर पर उन्होंने प्रताप प्रसून पत्रिका का विमोचन भी किया । कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीडा ने कहा कि उन्नाव जिला कवि एवं साहित्यकारों की धरती रही है यहां के कुलदीप यादव जैसे लोगों ने अपनी मेघा शक्ति की बदौलत आज भी जिले का नाम रोशन कर रहे है आज की युआ पीढ़ी को महापुरुषों के बताए रास्तों का अनुष्ण करना चाहिए ।कार्यक्रम में जनता को संबोधित करने वालों में सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ल , एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू ,योगेश बाजपेई आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आल्हा गायन राम लखन तिवारी तथा विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया।

**प्रताप जयंती पर पशुपालन , उद्यान खाद्य प्रसंस्करण , पीएम सूर्य घरयोजना समाज कल्याण, बाल विकास , कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण स्वामी तथा संचालन ट्रस्ट के मंत्री हरि सहाय मिश्र मदन ने किया ।इस मौके पर अंकित मिश्र, शोभित, स्वप्निल, रवि सहाय मिश्र, शुभम, सिद्धार्थ, शनि आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम में आल्हा गायन राम लखन तिवारी के अलावा स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।**

# एफ एल एन प्रशिक्षण में लापरवाही पर सख्ती, दो दिन में 26 शिक्षकों का कटा वेतन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।बेसिक शिक्षा विभाग के एफएलएन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई तेज हो गई है। गुरुवार दोपहर बीएसए शैलेश कुमार पांडेय ने बिछिया ब्लॉक में चल रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया, जहां पांच शिक्षक गैरहाजिर मिले। बीएसए ने सभी पांचों शिक्षकों को गैरहाजिर दर्ज करते हुए एक दिन के वेतन कटौती के निर्देश दिए। इससे पहले बुधवार को नवाबगंज और असोहा बीआरसी में हुए निरीक्षण के दौरान 21 शिक्षक अनुपस्थित मिले थे, जिनका भी वेतन काटा गया था ।इस तरह दो दिन के भीतर कुल 26 शिक्षकों पर कार्रवाई हो चुकी है। बीएसए के लगातार निरीक्षण से शिक्षकों में हड़कंप है। विभाग का कहना है कि एफएलएन यानी फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों की प्रारंभिक भाषा और गणित की दक्षता बढ़ाने के लिए नई शिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है।

# स्वच्छता को लेकर बच्चों ने निकाला अनूठा अभियान

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं में शिक्षक अमित तिवारी की पहल पर स्वच्छता को लेकर अनूठा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विद्यालय के नौनिहाल गांव में खुले में शौच की प्रवृत्ति को रोकने और ग्रामीणों को शौचालय के प्रयोग के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बच्चे खुले में शौच के लिए जाते ग्रामीणों को देखकर सीटी बजाते हैं और उन्हें शौचालय का इस्तेमाल करने की अपील करते हैं।

अभियान की खास बात यह है कि बच्चों द्वारा ग्रामीणों को डांटने या शर्मिंदा करने के बजाय सम्मान और संवेदनशीलता के साथ जागरूक किया जा रहा है। कई स्थानों पर बच्चे ग्रामीणों को गुलाब का फूल भेंट कर स्वच्छता अपनाने का संदेश देते हैं। बच्चों की यह पहल ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है ।शिक्षक अमित तिवारी ने स्वच्छता को किताबों तक सीमित न रखकर इसे सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का प्रयास किया है। उनकी प्रेरणा से विद्यार्थी गांव की गलियों और घरों तक स्वच्छता का संदेश पहुंचा रहे हैं। बच्चों को अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाकर उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित की जा रही है।

अमित तिवारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाना और ग्रामीणों में स्थायी व्यवहार परिवर्तन लाना है। अभियान में अमित तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपाशंकर, पूनम देवी, सुदेवी, राधा देवी और रमा देवी मौजूद रहीं।

## सम्पादकीय

# दोहरा रवैया अपनाना बंद करे अमेरिका

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका हमेशा से ही प्रभावशाली रही है, लेकिन मौजूदा समय में उसकी ईरान नीति कई सवाल खड़े कर रही है। एक तरफ अमेरिका ईरान के साथ बातचीत की मेज पर बैठ रहा है, मध्यस्थता के जरिए संवाद हो रहा है और समझौते की संभावनाएं तलाशने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। आखिर अमेरिका चाहता क्या है, बातचीत या टकराव? दुनिया के सामने यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऐसा दोहरा रवैया किसी भी कूटनीतिक प्रयास की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच करीब तीन घंटे बातचीत होना इस बात का संकेत है कि संवाद का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। यदि बातचीत संभव है तो उसे गंभीरता से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। धमकी और बातचीत एक साथ चलेंगी तो अविश्वास बढ़ेगा। अमेरिका के पास दुनिया की बड़ी सैन्य और आर्थिक ताकत है, लेकिन किसी देश को सैन्य कार्रवाई से तबाह करने की चेतावनी देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। ईरान का रवैया भी कम कठोर नहीं है। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने, विदेशों में जमा अपनी संपत्तियां जारी करने और क्षेत्रीय मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने जैसी शर्तें रखी हैं। इन मांगों पर दोनों देशों के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इनका समाधान बातचीत से ही निकल सकता है। होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण जलमार्ग को बंद रखना केवल अमेरिका या ईरान का मामला नहीं है। इसका सीधा असर पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज से तेल और गैस की बड़ी मात्रा का परिवहन होता है। यहां तनाव बढ़ने का मतलब है ऊर्जा की कीमतों पर दबाव, परिवहन लागत में वृद्धि और महंगाई का बढ़ना। अंततः इसका भुगतान आम आदमी अपनी जेब से करता है। अमेरिका की विदेश नीति में दोहरे मापदंड का सवाल रूस के संदर्भ में भी उठता है। अमेरिका रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध और 100% तक टैरिफ लगाने की धमकी देता है, जबकि खुद रूस से यूरेनियम जैसे सामरिक उत्पाद खरीदता है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों, आर्थिक हितों और रणनीतिक संबंधों के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। ऐसे में किसी भी बड़ी शक्ति द्वारा एकतरफा दबाव वैश्विक व्यापार के लिए नई मुश्किलें पैदा कर सकता है। दुनिया पहले ही युद्धों, आपूर्ति संकट और महंगाई की चुनौतियों से जूझ रही है। अमेरिका को यह समझना होगा कि ताकत का इस्तेमाल और प्रदर्शन दो अलग चीजें हैं। जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्व का अर्थ यह नहीं कि हर विवाद में सैन्य विकल्प को सामने रखा जाए। असली नेतृत्व तो तब दिखाई देता है, जब ताकतवर देश अपने प्रभाव का इस्तेमाल युद्ध रोकने और बातचीत को सफल बनाने में करे। साथ ही ईरान को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। होर्मुज को लंबे समय तक दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। ईरान को भी बातचीत के जरिए व्यावहारिक समाधान की दिशा में बढ़ना होगा। आज दुनिया को एक स्थिर ऊर्जा बाजार, सुरक्षित व्यापार मार्ग और शांतिपूर्ण समाधान चाहिए। अमेरिका को दोहरा रवैया छोड़कर स्पष्ट नीति अपनानी होगी और ईरान को भी कठोर शर्तों से आगे बढ़कर व्यावहारिक रास्ता तलाशना होगा। धमकी से दुनिया डर सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं बन सकती।



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण-एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है। आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा-हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

# भारतीय पेशेवरों का बदलता रुख

एक समय था जब भारतीय माता-पिता अपने मेधावी बच्चे को आशीर्वाद देते थे - बेटा, अमेरिका जा।' अमेरिका जाना सफलता का अंतिम प्रमाण-पत्र था। आईआईटी के बाद स्टैनफोर्ड, पीएचडी के बाद सिलिकॉन वैली और फिर ग्रीन कार्ड। इसे ही 'अमेरिकन ड्रीम' कहा जाता था। अब वह ड्रीम डगमगा रहा है और भारतीय पेशेवर जाग रहा है। पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण-एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है।

आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा-हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। यह सामान्य गिरावट नहीं है। ऐतिहासिक पलायन है। कभी हार्वर्ड और एमआईटी में दाखिला भारतीय मध्यम वर्ग का सपना था। आज वही वर्ग पूछ रहा है - क्या चार साल बाद वीजा मिलेगा भी या नहीं? दूसरा झटका, एच-1बी की एक लाख डॉलर वाली दीवार खड़ी की गई। अमेरिका ने पिछले वर्ष सितंबर में एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर यानी लगभग 84 लाख रुपये कर दी। यह फीस नहीं, एक तरह की सजा है। इसका असर तत्काल दिखा - महज एक वर्ष में एच-1बी आवेदनों में 10 प्रतिशत की गिरावट। छोटी और मझोली अमेरिकी कंपनियों ने तो भारतीय पेशेवरों को बुलाना ही बंद कर दिया है। अब सिर्फ गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गज ही यह फीस भर सकते हैं। तीसरा और सबसे बड़ा झटका, वैज्ञानिकों का पलायन आरंभ हो चुका है। अमेरिका की असली ताकत उसके लैब थे। पर अब लैब खाली हो रहे हैं। भौतिकी में पीएचडी करने वाले विदेशी स्कॉलर्स के अमेरिका छोड़ने की दर 2023-24 में 16 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गई।

यह तीन दशक में अमेरिका छोड़ने की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है अर्थात, अमेरिका अब सिर्फ कोडर नहीं, अपने भविष्य के नोबेल विजेताओं को भी खो रहा है। ग्रीन कार्ड के लिए 20 साल का इंतजार, हर चुनाव में आप्रवासियों को विलेन बनाना और कैंपस में बढ़ती असुरक्षा ने इस मोहभंग को पूरा कर दिया है। अब अमेरिका को नुकसान, यूरोप-एशिया को लाभ प्राप्त हो रहा है। जहां अमेरिका ने दरवाजा बंद किया है, वहीं यूरोप और एशिया ने बाहें खोली हैं। जर्मनी ने अपना 'चांस कार्ड' और 'ऑपर्चुनिटी कार्ड' उदार कर दिया है। वह भारतीय इंजीनियरों को बिना जॉब ऑफर के ही 1 साल का वीजा दे रहा है। नीदरलैंड और स्वीडन 30 प्रतिशत टैक्स छूट दे रहे हैं। यूएई और सऊदी अरब 10 साल का गोल्डन वीजा दे रहे हैं, सिंगापुर ने 'टेक-पास' में भारतीयों का कोटा दोगुना कर दिया है। भारतीय पेशेवर अब समझ गया है कि जीवन स्तर सिर्फ डॉलर से नहीं नापा जाता। यूरोप में काम के बाद जीवन है, एशिया में घर के करीब होने का सुकून है। वहां 5 बजे के बाद ऑफिस बंद होता है और नस्लीय टिप्पणी का डर नहीं सताता। इन सबके पीछे सबसे बड़ी कहानी है-वापसी-कम्प्रोमाइज नहीं,




चॉइस है। लेकिन इस पूरी कहानी का सबसे उज्वल अध्याय है - भारत वापसी। पहले अमेरिका से लौटना विफलता माना जाता था। रिश्तेदार पूछते थे- 'नौकरी चली गई क्या?' आज लौटना सबसे बड़ी सफलता है। नैसकॉम के अनुसार रिवर्स ब्रेन ड्रेन में पिछले 18 महीनों में 35-40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर अब हर सप्ताह ऐसे परिवार उतरते हैं जिन्होंने सैन फ्रांसिस्को वाला घर बेचकर हैदराबाद में घर ले लिया है। यह वापसी भारत के भविष्य के लिए पांच बड़े वरदान लेकर आई है। पहला, स्वदेशी, स्वरोजगार और स्टार्टअप को नई ऊर्जा। जो युवा अमेजन में प्रोडक्ट मैनेजर था, वह अब इंदौर में एग्री-टेक स्टार्टअप बना रहा है। जो बोस्टन में कैंसर पर रिसर्च कर रहा था, वह अब पुणे में सस्ती दवा बना रहा है। उनके पास ग्लोबल एक्सपोजर है और भारतीय समस्या की समझ। यही आत्मनिर्भर भारत का असली मॉडल है - वैश्विक ज्ञान, भारतीय समाधान। इससे स्वरोजगार बढ़ेगा, नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। दूसरा, मातृभूमि से प्रेम की प्रगाढ़ता। यह आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक वापसी है। कोविड ने सिखाया कि अंत में ऑक्सीजन सिलेंडर अमेरिका से नहीं, पड़ोस से आता है। अब युवा पूछ रहा है कि जब बेंगलुरु में ही 2 करोड़ का पैकेज और विश्वस्तरीय जीवन है, तो मैं मां से 14 हजार किलोमीटर दूर क्यों रहूं? यह मातृभूमि के प्रति प्रेम की पुनर्प्रतिष्ठा है। तीसरा, परिवारों के लिए संजीवनी। इसका सबसे मानवीय लाभ हमारे घरों में दिख रहा है।

देश में बैठे माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, भाई-बहन के लिए यह किसी आर्थिक पैकेज से बड़ा है। जब बेटा-बहू अमेरिका में होते थे, तो दादा-दादी वीडियो कॉल पर पोते को देखते थे। अब वही दादा-दादी पोते को कहानी सुना रहे हैं। बुजुर्गों का अकेलापन घट रहा है। परिवार में त्योहार फिर से त्योहार लग रहे हैं। यह वह सुख है, जो डॉलर से नहीं खरीदा जा सकता। चौथा, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'कुटुंब प्रबोधन' का जो विचार दिया था कि परिवार ही समाज की प्रथम पाठशाला है, यह वापसी उसी को सशक्त कर रही है। जब परिवार साथ रहता है, तो बच्चे अपनी भाषा, अपने त्योहार, अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। यह स्वदेशी जीवन-शैली का पुनर्जागरण है। इससे समाज में वह समरसता आएगी जो वृद्धाश्रमों से नहीं, साथ रहने से आती है। पांचवां, भारत के लिए ग्लोबल अनुभव का मुफ्त उपहार। अमेरिका ने 30 साल तक भारतीयों को ट्रेनिंग दी। अब वह ट्रेंड मैनपावर भारत को मुफ्त में मिल रही है। यह ब्रेन ड्रेन का रिवर्स होना नहीं, ब्रेन गेन का महाविस्फोट है। हम कह सकते हैं कि अमेरिका के लिए चेतावनी, भारत के लिए अवसर है। अमेरिका ने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। 1930 में जब उसने यहूदी वैज्ञानिकों को रोका, तो लाभ अमेरिका को नहीं, जर्मनी को हुआ। आज वही गलती भारतीयों के साथ हो रही है। अमेरिका को समझना होगा कि एक लाख डॉलर की फीस से आप एक भारतीय को रोक सकते हैं, उसके आइडिया को नहीं। वह आइडिया अब बेंगलुरु में स्टार्टअप बनेगा, बर्लिन में बिकेगा और दुनिया पर राज करेगा। भारत के लिए यह अमृतकाल का सबसे बड़ा अवसर है। हमें लौटते हुए भारतीयों के लिए रेड कार्पेट ही नहीं, रेड टेप खत्म करना होगा। उनके बच्चों के लिए स्कूलों में दाखिला, बिजनेस के लिए सिंगल विंडो और रिसर्च के लिए फंडिंग आसान करनी होगी। आज कहने का समय है - 'आओ, देश आकर देश को रोशन करो।' जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

सचेत
विवेक मिश्रा



# जी-2 के ग्रह चक्रों में फंसने से बचे भारत

भारत की आतिथ्य पूर्ण अगुवाई में ब्रिक्स देशों का 18वां शिखर सम्मेलन, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रत्यास्थता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता जैसे उद्देश्यों के प्रति संकल्पित, यह विश्व के दक्षिणी हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्र अध्यक्षों का समागम बना था । जहां सर्वसम्मति से 140 बिंदुओं पर आधारित 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को आत्मसात किए जाने की उद्घोषणा हुई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सहयोग व सुरक्षा, एकतरफा टैरिफ और प्रतिबंधों का विरोध, सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार जैसे विषय प्रमुखता के साथ रेखांकित हुए थे। ब्रिक्स के साझा हितों पर धुर विरोधी राष्ट्र भी भारतीय नेतृत्व में एकमत दिखे। विषमताओं में विश्व विस्मित करती, यह विलक्षण भारतीय विदेश नीति विश्वव्यापी विश्वास की आधारशिला बन सकती है। यह सत्य है कि यथार्थ के धरातल पर अभी इस सहमति का परिणीति तक पहुंचना बाकी है। मौजूदा चुनौतियों में तात्कालिक आवश्यकताओं को दर्शाता और उनसे निपटने के समाधानों को सुझाता यह घोषणा पत्र , सभी सदस्य देशों की साझा जरूरतों को पूरा करता है। अतः इसके लागू होने में बाधाएं कम ही प्रतीत होती हैं, बशर्ते द्वेष पूर्ण मानवीकृत बाधाओं को न जन्माया जाए। हम कुछ उदाहरणों से इसे समझ सकते हैं, जैसे ब्रिक्स देशों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पारदर्शी, समावेशी व जवाबदेही पूर्ण साझा इस्तेमाल का लक्ष्य रखते ही ए.आई. से पैदा होने वाले खतरो के विषय में चर्चाएं तेज हो गई। ए.आई. सुरक्षा और अनुसंधान कंपनी एंथ्रोपिक के भूतपूर्व पदाधिकारी जेकब कॉक्सोन चिंताएं व्यक्त करते हुए कहतें है कि यह तकनीक 2030 तक इंसानों को पूरी तरह खत्म कर देगी। तकरीबन यही बात एआई के गॉड फादर माने जाने वाले जॉफ्री हिंटन भी कहते हैं कि आने वाले एक दशक में एआई के कारण इंसानियत के खत्म होने का 10 से 20 फीसदी तक जोखिम है। यहां गौर करने वाली बात है कि जॉफ्री हिंटन कुछ दिन पहले तक इसी जोखिम के लिए दुनिया को अगले 30 साल का समय दे रहे थे। बिल गेट्स, बर्नी सैंडर जैसे नामचीन लोगों को एक साथ चिंताएं नजर आई।

यू.एन. के प्रमुख एंटोनिया गुटेरस ने तो इसे मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बताया। चीन ने ब्रिक्स में मुखरता से ओपन सोर्स ए.आई. की बात रखी थी। ब्रिक्स के विकासशील देशों का तकनीकी सशक्तिकरण चीन के वैश्विक प्रभुत्व को स्थापित करेगा, तब जबकि अमेरिका और यूरोप अपनी ए.आई. विकास यात्रा को संकीर्णता में बांध रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, मुक्त तकनीक विस्तार नहीं चाहते हैं, जबकि चीन आश्चर्यजनक रूप से खुले दिल को दर्शा रहा है। वहीं बड़ी ए.आई. कंपनियां भी शोध में चीन के विस्तृत कार्यक्षेत्र से प्रतिस्पर्धा नहीं चाहती हैं। ए.आई तकनीक पर अचानक खड़ा किया गया यह शोर दरअसल ब्रिक्स से निकले संयुक्त तकनीकी संकल्पों को बाधित करने का प्रयास मात्र है। ब्रिक्स देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की खबरें, अमेरिकी औपनिवेश की डॉलर डिक्टेटरशिप (मौद्रिक तानाशाही) को इस प्रकार चुभी कि, अमेरिकी संसद ने पक्ष-विपक्ष का भेद दूर करके, रूस से तेल खरीदने वाले शीर्ष 5 देशों पर 100% टैरिफ बिल पास कर दिया। चीन, टैरिफ वाली ट्रंप नीति के पर पहले ही कतर चुका है, दुर्लभ खनिज अमेरिकी कंपनियों को सुलभता से मिलते रहें, अमेरिकी सरकार यह सबसे पहले सुनिश्चित करेगी। प्रसंस्कृत स्थायी चुम्बकों व यिट्रियम पर चीन का एकाधिकार और इन पर अमेरिकी निर्भरता, चीन पर लगने वाले सभी टैरिफों को स्वतः ही अप्रभावी बना देती है।

टैरिफ का भी सबसे बुरा प्रभाव भारत पर पड़ता है। दूसरी ओर मक्का पैक्ट के साझेदार सऊदी अरब और पाकिस्तान अपने-अपने तरह से भारत के सामने संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान चेतावनियों के बावजूद समुद्री आवागमन के रास्ते पर भारतीय युद्धपोतों से टकराव पैदा कर रहा है, तो सऊदी अरब भारत को तेल आपूर्ति करने में निजी हित तौल रहा है। सऊदी अरब भारत को स्पॉट मार्केट से तेल खरीदने को कहता है,

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारत की बेमिसाल धरोहर है आयुर्वेद**

हमारे देश में 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है स्वास्थ्यवर्धक भविष्य के लिए आयुर्वेद। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। और इसके महत्व दुनिया को बताना भी है। केंद्र सरकार ने आयुर्वेद को दुनिया भर में एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। जब दुनिया भर में वैश्विक महामारी ने कहर मचाया हुआ था, तब भी और अब भी हमारे देश के लोग ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों ने हमारे देश की इस धरोहर को अपना कर अपनी रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया और अब भी कर रहे हैं। आयुर्वेदिक पद्धति को दुनिया में एक नया आयाम मिला है। *-हरिश बघेल, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### आयुर्वेद की भूमिका



मोदी सरकार आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़कर इस गौरवशाली विरासत को विश्व में एक नई पहचान दिला रही है। आइए, हम स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुर्वेद की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लें। - अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### समाज पर असर



राष्ट्रपति की अपील बहुत महत्वपूर्ण है। लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को देखते और सुनते हैं, और उनसे प्रभावित भी होते हैं। इसलिए, कलाकारों का हर संदेश समाज पर असर डालता है। असली स्टार वही है जो सेहत और अच्छे मूल्यों का प्रकाश फैलाता है। - शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### गहरी संवेदनाएं



पलामू में करम डाली विसर्जन के दौरान नदी में कुछ लोगों के डूबने की खबर बेहद दुखद और मर्माहत करने वाली है। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं मारंग बुरु से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। - हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### सार्थक जीवन



जरूरी यह नहीं है कि आप कितने लंबे समय तक जीते है, बल्कि यह है कि क्या आप एक सार्थक जीवन जीते है। इसका मतलब पैसा और शोहरत जमा करना नहीं, बल्कि अपने साथी इसानों की सेवा करना है। - दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरू

## करंट अफेयर

# प्यूर्तो रिको के दो अखबार बंद करेंगे प्रिंट संस्करण

प्यूर्तो रिको के दो प्रमुख अखबारों ने आने वाले दिनों में अपने प्रिंट संस्करण बंद करके केवल डिजिटल रूप में उपलब्ध रहने की घोषणा की है। यह कदम दुनियाभर में प्रिंट मीडिया से डिजिटल माध्यम की ओर बढ़ते रुझान का हिस्सा है। प्यूर्तो रिको की कंपनी जीएफआर मीडिया ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं की बदलती आदतों को देखते हुए लिया गया है। यह कंपनी 'एल नुएवो डिया' और 'प्रिमेरा होरा' अखबार प्रकाशित करती है। अखबारों के अनुसार, 'प्रिमेरा होरा' का अंतिम प्रिंट संस्करण 24 सितंबर को और 'एल नुएवो डिया' का अंतिम प्रिंट संस्करण 27 सितंबर को प्रकाशित होगा।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं।

## संक्षेप

### घर से निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**दोपहर 12 बजे अचानक गई, रिश्तेदारों के यहां तलाश के बाद पुलिस से शिकायत**

अमेठी कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी से बुधवार दोपहर 49 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के अचानक घर से चले जाने के बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद देर शाम अमेठी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। लापता महिला की पहचान कल्यांति देवी (49) के रूप में हुई है। वह राम शंकर प्रजापति की पत्नी हैं और आवास विकास कॉलोनी के ई-45 में रहती हैं। परिजनों के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कल्यांति देवी अचानक घर से निकल गईं। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटीं तो परिवार ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां पूछताछ के बाद भी महिला का पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी शिकायत मिलने के बाद अमेठी कोतवाली पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि महिला के घर से निकलने के बाद किस दिशा में गईं, इसका पता लगाया जा सके। पुलिस सर्विलांस और अन्य माध्यमों से भी महिला की तलाश कर रही है।परिवार को अनहोनी की आशंकामहिला के अचानक लापता होने से परिजन परेशान हैं। उन्हें किसी अनहोनी की आशंका भी सता रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि महिला की तलाश के लिए सभी संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द महिला का पता लगाने का भरोसा दिया है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों से हटेगा अतिक्रमण, डीएम ने दिए निर्देश

**सड़क सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश, ब्लैक स्पॉट पर भी कार्रवाई**

अमेठी , सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात सुधारने और लोगों की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक सरवणन टी समेत कई विभागों के अधिकारी शामिल थे। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों की समीक्षा की और समय पर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगदीशपुर और इन्हौना इलाके में बढ़ते अतिक्रमण पर नाराजगी जताई। उन्होंने सड़क किनारे से अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान चलाने का आदेश दिया। एनएचएआई के अधिकारियों से कहा गया कि वे संबंधित उपजिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों के साथ मिलकर यह कार्रवाई करेंजिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार और यातायात नियमों के पालन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य सड़कों और संवेदनशील जगहों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग और सड़क मरम्मत के काम को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, पूरे हो चुके कामों का भौतिक सत्यापन भी कराने को कहा।

# जिले के 70 किसान सीखेंगे विष मुक्त प्राकृतिक खेती और डेयरी उत्पादन

## 70 किसानों का दल हरियाणा रवाना

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। गुरुवार को जनपद बहराइच के 70 किसानों का प्रशिक्षण दल आचार्य देवव्रत नेचुरल फॉर्मेशन संस्थान करनाल हरियाणा और भारतीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 02 बसों को कृषि भवन प्रांगण बहराइच से हरी झंडी दिखाकर उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने रवाना किया श्री वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनपद के किसानों को उपरोक्त संस्थानों पर प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्रदान कराकर इन्हें विष मुक्त प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करना है जब यह किसान विष मुक्त प्राकृतिक खेती करने के तरीके सीख कर आएंगे तथा वह स्वयं भी विष मुक्त प्राकृतिक खेती करेंगे उनके द्वारा प्राकृतिक खेती करने से आसपास के किसान जुड़कर वह भी प्राकृतिक खेती अपना कर अधिक आय अर्जित कर सकेंगे। आपको बताते चलें कि किसान अधिक उत्पादन के चक्कर में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग कर सब्जियों तथा खाद्यान्नों को विष युक्त कर रहे हैं तथा उसका विक्रय आम मानव को करते हैं जिससे आम आदमी विश्व युक्त भोजन कर अनेकों रोगों से ग्रसित हो जाता है। परिणाम स्वरूप उसका सारा कमाया हुआ पैसा दवाइयां आदि पर खर्च हो जाता है जब यह विष मुक्त खेती करेंगे तो दवाइयां पर होने वाला खर्चा बचेगा जिससे उनकी आय बढ़ेगी। विष मुक्त प्राकृतिक खेती से उत्पन्न खाद्यान्न का मूल्य किसानों को अधिक प्राप्त होने के साथ- ही साथ मानव स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद तथा पर्यावरण अनुकूल होता है जिले के किसान भारतीय डेयरी अनुसंधान संस्थान हरियाणा में प्रशिक्षण प्राप्त कर पशु पालनकर तथा दुग्ध उत्पादन में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे ,जिससे जनपद में दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा और लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# फरवरी में होनी थी शादी, घर के सबसे छोटे बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम

## सुसाइड नोट के आधार पर परिचित के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासर निवासी 26 वर्षीय सचिन त्रिपाठी की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सचिन परिवार का सबसे छोटा बेटा था और फरवरी माह में उसकी शादी होनी थी। शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

सचिन शहर के ढपालीपुरवा मोहल्ले में किराये के मकान में रहकर एक निजी कंपनी में एमआर के पद पर कार्य करता था। बुधवार शाम उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाए।मृतक के पिता की ओर से फखरपुर थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, सचिन पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि एक परिचित व्यक्ति द्वारा उसे कथित रूप से ब्लैकमेल किया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। सचिन ने इस संबंध में अपनी पत्नी को भी जानकारी दी थी।परिजनों के मुताबिक, सचिन ने मृत्यु से पहले एक सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें संबंधित व्यक्ति का नाम और उससे जुड़े आरोपों का उल्लेख किया गया है। सुसाइड नोट में मोबाइल फोन की जांच कराने की बात भी लिखे होने का दावा किया गया है।परिजनों की तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट, मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जश्ने गौसुलवरा पर कैसरगंज बाजार में उमड़ी भीड़

**मिठाई की दुकानों पर सजीं रंग-बिरंगी मिठाइयां, खरीदारी के लिए सुबह से जुटे लोग**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जश्ने गौसुलवरा के मुकद्दस मौके पर कैसरगंज बस स्टॉप का बाजार गुलजार नजर आया। बस स्टॉप के सामने लगी मिठाई की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ जुटने लगी। दुकानों पर तरह-तरह की मिठाइयों की बड़ी-बड़ी ट्रे सजी रहीं और लोग अपनी पसंद की मिठाइयां खरीदते नजर आए। बाजार में लगे रंग-बिरंगे शामियानों के नीचे मिठाई की कई अस्थायी दुकानें सजी हुई हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे बस स्टॉप और आसपास के बाजार में खासी चहल-पहल बनी हुई है। महिलाएं, बच्चे और पुरुष भी मिठाई की दुकानों पर खरीदारी करते दिखाई दिए। मुकद्दस मौके को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की हैं। तस्वीरों में मिठाई की दुकानों पर सजी विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और खरीदारी करते लोगों की भीड़ साफ नजर आ रही है। बस स्टॉप के सामने बाजार में लगातार लोगों की आवाजाही बनी हुई है।



# चकपिहनी-गंदरा मार्ग बना दलदल, बारिश में पैदल चलना भी दुश्वार

**ग्राम पंचायत कहरई में सड़क की बदहाली से ग्रामीण परेशान, जलभराव और कीचड़ ने बढ़ाई मुश्किलें**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। ग्राम पंचायत कहरई में चकपिहनी से गंदरा जाने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी और कीचड़ भर गया है। हालात यह हैं कि पूरा मार्ग दलदल में तब्दील हो चुका है और बारिश के मौसम में इस रास्ते से पैदल निकलना भी ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। सड़क पर जलभराव के कारण राहगीरों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह मार्ग हादसे का सबब बना हुआ है। गड्ढों में पानी भरा होने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे वाहन फिसलने और गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से मार्ग की स्थिति खराब है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। बारिश के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। सड़क पर जगह-जगह उखड़ी गिट्टियां, कीचड़ और पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित है। मौके की तस्वीरें सड़क की बदहाली की पूरी कहानी बयां कर रही हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराकर जलनिकासी की व्यवस्था कराने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। ग्रामीणों की मांगः नन्द किशोर (मोहित), सूरज गुप्ता, बृजेश यादव, सतीश यादव, सलमान और अमरेश गुप्ता ने मार्ग की शीघ्र मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# चोरी के माल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सुनारी चौराहा चोरीकांड का खुलासा, लोहे की रॉड और सब्बल भी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 310 रुपए नकद तथा वारदात में इस्तेमाल किए गए लोहे की रॉड और सब्बल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के सुनारी चौराहा पर हुई चोरी के अनावरण के लिए पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बकौला भट्ठे के पास ग्राम कुसंर्डा-रम्मोपुर मार्ग की पुलिया के समीप मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्धों को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली। पूछताछ में आरोपियों की पहचान करमशा कामिल उर्फ कालिया पुत्र मोहम्मद हसीब, उम्र 25 वर्ष, निवासी साहपुर, थाना मसौली, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। उसके कब्जे से चोरी के 160 रुपए नकद तथा चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड और सब्बल बरामद हुई। वहीं दूसरे आरोपी की पहचान तेजकरण पुत्र रामाधार निवासी पहली पार दाखिली, कुसंर्डा, थाना मसौली, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। उसके कब्जे से चोरी के 150 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में थाना कैसरगंज में मुकदमा संख्या 317/2026 विभिन्न धाराओं में दर्ज है। दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय बहराईच भेज दिया गया।

# मास्टर ट्रेनर्स की दो दिवसीय कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम की जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की दो दिवसीय कार्यशाला सीमैट प्रयागराज में 23-24 सितंबर 2026 को संपन्न हुई। कार्यशाला में जनपद बहराइच से छः राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सुरभि पांडेय, यास्मीन बेगम और हिमानी पोरवाल, राकेश कुमार मौर्य, हेमन्त कुमार यादव ,संदीप कुमार मेहरोत्रा ने प्रतिभाग किया।

संदर्भदाता के रूप में मीना मंच सशक्तिकरण, सेल्फ एस्टीम, जीवन कौशल, पॉक्सो ऐक्ट, प्रगति के पंख मॉड्यूल, अरमान माड्यूल के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया एवं जनपद बहराइच के कई सक्सेस स्टोरी और स्वरचित आधा फुल कॉमिक बुक केस स्टडीज प्रस्तुत किए गए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अनुराग शर्मा के दिशा निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में यह प्रशिक्षण आने वाले दिनों में सभी उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सुगमकताओं को ब्लॉक स्तर पर यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# ट्रैफिक विवाद में छात्र और उसकी मां पर एफआईआर

## अलीगढ़ में वीडियो जांच के बाद पुलिस का दावा- सरकारी काम में बाधा डाली

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,ट्रैफिक इंस्पेक्टर और छात्र के बीच हुए विवाद में वीडियो की जांच के बाद छात्र और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ओर से गांधी पार्क थाने में अभद्रता, हाथापाई, हंगामा और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में तहरीर दी गई थी।एसपी सिटी आदित्य बंसल के मुताबिक, फुटेज की जांच में कुलदीप विहार निवासी छात्र हर्षवर्द्धन और उसकी मां की ओर से पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता और हाथापाई किए जाने की बात सामने आई। इसी आधार पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तहरीर पर बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई है।

### पहले ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर लगा था थप्पड़ मारने का

### आरोप

दरअसल, सिग्नल तोड़ने को लेकर ट्रैफिक पुलिसकर्मी और छात्र के बीच विवाद हुआ था। आरोप था कि ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने छात्र को चांटा मारा। छात्र की मां बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की का आरोप लगाया गया था। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया था। इसके बाद पुलिस ने घटना से जुड़े वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की।

### फुटेज को साक्ष्य मानकर पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के तौर पर देखा गया। इसके आधार पर छात्र और उसकी मां के खिलाफ ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता, हाथापाई और सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एसपी सिटी बोले- साक्ष्यों के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

एसपी सिटी आदित्य बंसल ने बताया कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और वीडियो की जांच की गई है। जांच के आधार पर छात्र और उसकी मां के खिलाफ ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता, हाथापाई और सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने किया घाट का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी ने सक्रियता दिखाते हुए गुरुवार को गायघाट स्थित सरयू नदी तट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश, आवागमन, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी बलहा एवं थानाध्यक्ष मोतीपुर को आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने तथा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

# युवक का शव फंदे से लटका मिला शव

**2 साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग, मां ने पुलिस को दी तहरीर; पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ,नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे पितई में बुधवार रात 33 साल के युवक जावेद अख्तर का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे घटना की जानकारी मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर घटनास्थल की जांच की। परिजनों को जावेद अख्तर का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मां बोलीं- दो साल से लड़की से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

जावेद की मां हसीना बानो ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका बेटा करीब दो साल से एक लड़की से प्रेम-प्रसंग में था। मां के मुताबिक बुधवार रात जावेद ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस परिजनों के बयान और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही हैपरिजनों के अनुसार, जावेद अख्तर दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था।

# सगे भाई ने ही ज्वेलर्स के घर की थी चोरी

## पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, पुरानी रंजिश और कर्ज में डूबा था मास्टरमाइंड भाई

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,जेठवारा थाना क्षेत्र में सराफा कारोबारी के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की साजिश पीड़ित के सगे भाई उदय कौशल ने अपने साथी अंकित कौशल के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बरईपुर नहर पुलिया के पास से पकड़ा। पुलिस ने गुरुवार दोपहर दो बजे इस चोरी का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, 21 सितंबर को हरिओम ज्वेलर्स के मालिक हरिओम कौशल अपनी दुकान बंद कर आभूषण घर में रखने के बाद परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। इसी दौरान शाम करीब पांच से रात दस बजे के बीच चोरों ने घर की दूसरी मंजिल पर लगी लोहे की जाली उखाड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली थी। एसपी के निर्देश पर चोरी के खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमें बनाई गई थीं। जांच के दौरान पुलिस ने उदय कौशल और अंकित कौशल को पकड़ लिया। पूछताछ में उदय ने बताया कि वह कर्ज में डूबा था और आपसी रंजिश की वजह से उसने अपने दोस्त अंकित के साथ मिलकर अपने बड़े भाई के घर चोरी की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक वैगनआर कार, हरिओम ज्वेलर्स लिखे बैगों में बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा और 81,200 रुपये नकद बरामद किए। वाहन से सोने की अंगूठियां, मंगलसूत्र, मांगटीका, चूड़ियां, कड़े, चेन, नाक की कील समेत अन्य आभूषण और चांदी की बिछिया, पायल, अंगूठियां तथा चेन बरामद हुए। उदय के पास से भी हरिओम ज्वेलर्स लिखा एक बैग मिला, जिसमें सोने के नाक के आभूषण और एक जोड़ी झुमका था।

## संक्षेप

### स्कूल बस में लगी आग, 22 बच्चे सुरक्षित

**धुआं निकलते ही ड्राइवर ने बस रोकी, बच्चों को निकाला बाहर; फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

बागपत , खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में नूरपुर रोड पर दोपहर करीब 2 बजे एक निजी स्कूल की बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 22 बच्चे सवार थे। बस से धुआं निकलते ही ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोका और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही मिनट में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस जलकर खाक हो गई। धुआं निकलते ही बच्चों को बाहर निकालबताया गया कि ड्राइवर बच्चों को स्कूल से छोड़कर जा रहा था। नूरपुर रोड पर अचानक बस से धुआं निकलने लगा। ड्राइवर ने तुरंत बस रोककर बच्चों को नीचे उतार दिया। इसके बाद देखते ही देखते बस में तेज आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। बच्चों के परिजन भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए। आग पर नियंत्रण होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंकशुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीएफओ अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बस में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सभी बच्चे सुरक्षित हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती के साथ मारपीट

**पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया**

बागपत, कोतवाली क्षेत्र में पड़ोस के एक युवक पर छात्रा को बहाने से अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया है और उसके बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता के अनुसार, करीब डेढ़ माह पहले उनकी पत्नी चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। उस समय उनकी बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि पड़ोस का युवक जींस की पेंट सिलवाने के बहाने छात्रा को अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को लगातार ब्लैकमेल करता रहा। आरोप है कि करीब डेढ़ माह तक आरोपी ने छात्रा पर दबाव बनाया और बात नहीं मानने पर उसके पिता और भाई की हत्या करने की धमकी दी। इससे छात्रा परेशान रही। पीड़िता के पिता के मुताबिक, जब छात्रा ने आरोपी की बात मानने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने कथित वीडियो अपने कुछ साथियों के मोबाइल पर भेज दिया। वीडियो प्रसारित होने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# अमौली के शिव मंदिर में चौकी प्रभारी ने किया भगवान शिव का श्रृंगार अभिषेक

**महाआरती में सम्मिलित भक्तों ने जमकर लगाए जयकारे**

अमन लेखनी समाचार



अमौली फतेहपुर , जनपद के अमोली विकासखंड कस्बे अंतर्गत कस्बे के अंदर स्थापित भगवान शिव भुवनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण अंतर्गत भगवान शिव का भाव श्रृंगार तथा अभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ कस्बा चौकी प्रभारी अविनाश कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित आचार्य पंडित करुणा शंकर त्रिवेदी एवं पंडित कृष्ण कुमार पांडे आदि ने वेद मित्रों की ध्वनि प्रसारित कर बाबा भुवनेश्वर महादेव का पवन अभिषेक संपन्न कराया थेरे सोम आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भारी संख्या में महिला तथा पुरुष श्रद्धालु भक्तगणों में भगवान भूत भवन के पावन श्रृंगार के पश्चात महा आरती में प्रतिभा गीता निभाई वही श्रृंगार पूजन के पश्चात पहुंचे सभी भक्तगणों समेत कस्बे वासियों को महाप्रसाद का वितरण किया गया चौकी प्रभारी अविनाश कुमार मिश्रा ने आए हुए सभी भक्तगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को सटमार्ग में चलते हुए धार्मिक भावनाओं से ऊतक स्रोत होना चाहिए जिससे समाज में आस्तिक भाव प्रसारित हो वहीं देर रात्रि तक भक्तों ने स्वर साधकों के मुखारविंद से संगीत में भजनों का महा आनंद प्राप्त किया इस मौके पर भारी संख्या में कास्ट वास तथा भक्तगण मौजूद रहे

# नवनियुक्त भाजपा जिला प्रभारी के पहुंचते ही जनपद में जगह-जगह हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , प्रदेश सरकार ने जगह-जगह सवर्ण के विरोध को देखते हुए फतेहपुर जनपद के जिला प्रभारी के रूप में सवर्ण ब्राह्मण चेहरा राहुल अग्निहोत्री के रूप में नियुक्त किया नव नियुक्त जिला प्रभारी प्रथम बार जनपद पहुंचे जहां जनपद की सीमा घाटमपुर जहानाबाद मार्ग चिल्ली मोड पहुंचते ही भारी संख्या में पहुंचे भाजपा समर्थकों ने फूलमालाओं से आच्छादित कर नवनियुक्त प्रभारी का भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल समेत भारी संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों ने जिला प्रभारी का भव्य स्वागत किया वहीं दौरे के दौरान जिला प्रभारी चौडगरा कस्बे पहुंचे जहां प्रभारी राहुल देव अग्निहोत्री का भाजपा कार्यकर्ता मंडल प्रभारी अरुण शुक्ला ने अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वहीं अन्य स्थानों में भी नवनियुक्त ब्राह्मण जिला प्रभारी का गर्म जोशी से भाजपाइयों ने स्वागत किया इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे



नवनियुक्त जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री का स्वागत करते भाजपाई

# जनपद में आयोजित कला क्राफ्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शिक्षकों ने किया प्रतिभाग

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर. जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अंतर्गत सप्तम कला क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विषय पर कला क्राफ्ट आधारित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया डायट से समस्त सामान शिक्षकों को उपलब्ध कराया गया जहां पहुंचे प्रतिभागी शिक्षकों ने टीएलएम का निर्माण किया वहीं सबसे कम निवेश करते हुए जनपद के भिठौरा विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सैद्नापुर में कार्यरत सहायक अध्यापिका नीतू सिंह ने पृथ्वी की आंतरिक संरचना से संबंधित टीएलएम का निर्माण करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया मिली जानकारी के अनुसार जनपद के सभी विकासखंड शिक्षा क्षेत्र से पहुंचे एक-एक शिक्षकों ने प्राथमिक स्तर पर हिंदी गणित विषय में तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान गणित और सामाजिक विषय पर प्रतिभाग किया वहीं उच्च अधिकारियों ने बताया कि जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ शिक्षिका नीतू सिंह संपूर्ण फतेहपुर जनपद का नेतृत्व राज्य स्तर पर करेंगी वही कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल के रूप में डायट प्राचार्य मायाराम तथा नोडल शिक्षक मानवेंद्र सिंह आदि ने शिक्षिका समेत उपस्थित सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी

# कचहरी में बेंच नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर

**वकीलों ने कहा भाजपाइयों का करेंगे बहिष्कार, 30 सितंबर से शुरू होगी न्याय यात्रा**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन एक बार फिर तेज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मेरठ दौरे के दौरान मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अधिवक्ताओं ने कहा कि उन्हें बेंच के मुद्दे पर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। अब 22 जिलों में जाकर आंदोलन को व्यापक रूप देने की तैयारी है। इसके तहत बैंच नहीं तो वोट नहीं और वी वांट जस्टिस जैसे नारों के साथ न्याय यात्रा निकाली जाएगी। मेरठ कचहरी में चारो और बैंच नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लग गए हैं। साथ ही अधिवक्ताओं ने अपने वाहनों और यहां तक के अपने सोशल मीडिया पर भी ऐसे ही पोस्टर शेयर कर रहे हैं। वकीलों का कहना है कि उनका यह आंदोलन अब तब तक जारी रहेगा जब तक बैंच नहीं मिलती। सेंट्रल एक्शन कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने पहले एडीएम सिटी और एसपी सिटी के माध्यम से समय मांगा था। समय मिलने के बाद नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इसमें 22 जिलों के चेयरमैन अनु शर्मा और 22 जिलों के संयोजक व मेरठ बार एसोसिएशन के महामंत्री समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। बैठक में मेरठ के जनप्रतिनिधि, डीएम और एडीजी भी मौजूद रहे। अधिवक्ताओं के अनुसार करीब 20 मिनट की बातचीत में उन्होंने पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की आवश्यकता बताई। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट रिऑर्गनाइजेशन एक्ट-1956 की धारा 51(2) का हवाला देते हुए कहा कि बेंच के लिए राज्य और केंद्र सरकार स्तर से पहल की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को सुप्रीम कोर्ट जाने की सलाह दी। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि इस जवाब से उन्हें निराशा हुई।अब अधिवक्ता 22 जिलों में न्याय यात्रा निकालने की तैयारी कर रहे हैं। हर जिले में वाहनों पर बैनर और कटआउट लगाए जाएंगे।

# प्रसव के पश्चात नवजात तथा प्रसूता की हुई मौत परिजनों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसव के पश्चात एक प्रसूता तथा नवजात की मौत हो गई परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रसूता का प्रसव विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया जहां प्रसव के पश्चात प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी आनन-फानन चिकित्सकों ने अपना पल्ला झाड़ते हुए प्रसूता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां जनपद ले जाते समय रास्ते में ही प्रसूता तथा नवजात की सांसें थम गई मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तक्कीपुर गांव निवासी 24 वर्षीय सुलोचना देवी पत्नी रमेश कुमार को प्रसव कराने हेतु नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयीपुर परिजनों द्वारा लाया गया प्रसूता को पहला बच्चा जन्म देना था वही प्रसूता के विवाह के लगभग 4 वर्ष हुए हैं परिजनों ने बताया कि अस्पताल में सामान्य रूप से प्रसव हुआ वहीं कुछ समय पश्चात नवजात शिशु तथा जच्चा दोनों की हालत बिगड़ने लगी देर रात तक हालात अत्यधिक चिंताजनक हो गई जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं रास्ते में ले जाते समय महिला समेत नवजात की मौत हो गई पति रमेश मेहनत मजदूरी करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करता था वहीं परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया

# सब्जी मंडी से हुई बाइक चोरी प्रशासन कर रहा खोजबीन

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना प्रशासन ने हाल ही में कुछ दिनों पहले एक बाइक चोरी हुई थी वहीं चोरों ने पुनः एक घटना को अंजाम दे दिया मिली जानकारी के अनुसार कानपुर नगर जनपद के सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कमलापुर निवासी युवक मुनीर पुत्र जौहरी सब्जी लेने विगत दिवस बुधवार जहानाबाद कस्बे आया था कस्बे के लालूगंज मोहल्ले में लगी बाजार अंतर्गत पहुंचकर अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्रो खड़ी करते हुए सब्जी लेने चला गया वही अज्ञात चोरों ने अच्छा मौका देखकर घटना को अंजाम दे दिया वापस लौटकर युवक ने देखा कि उसकी बाइक गायब है आसपास काफी तलाश की परंतु कुछ पता नहीं चला आहत होकर पीड़ित ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित ताहिर देकर खोजबीन की अपील की वहीं थाना प्रभारी योगेश कुमार ने मुकदमा दर्ज करते हुए तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे आदि की जांच कराई तथा खोजबीन प्रारंभ की

# सेंट्रल मार्केट में लाएंगे पुर्नवास नीति

**भाजपा जनप्रतिनिधियों ने की घोषणा, कांप्लैक्स में पीड़ित व्यापारियों को लीज पर मिलेंगी दुकानें**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण मामले पर यूपी सरकार जल्द ही पुनर्वास नीति लेकर आने वाली है। इसकी घोषणा भाजपा के सांसद, राज्यमंत्री, विधायकों ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में दी। सर्किट हाउस में सांसद अरुण गोविल, राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, कैंट विधायक अमित अग्रवाल आदि ने प्रेसवार्ता की। कहा कि शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को बहुत कम किराए पर जगह उपलब्ध कराई जाएगी 650 व्यापारियों को लीज पर आबंटित होंगी दुकाने भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने सर्किट हाउस में कहा कि सेंट्रल मार्केट शास्त्रीनगर के व्यापारियों व निवासियों के लिए प्रदेश सरकार नई पुनर्वास नीति ला रही है। लगभग 650 व्यापारियों को आबादी के बीच में लीज पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, सांसद अरुण गोविल, राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने प्रेसवार्ता की। इन्होंने कहा कि एमएलसी स्नातक व शिक्षक चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण पूरी नीति की घोषणा नहीं जी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हम सम्मान करते हैं।

### 16700 संपत्तियों के मामले पर कराया जाएगा रीसर्वे

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि एमडीए द्वारा फिर से 16700 जो अवैध संपत्तियों की लिस्ट कही जा रही है उसको री-सर्वे कराया जाएगा। नई दुकानों के लिए व्यापारियों से नाममात्र का किराया लिया जाएगा। व्यापारियों व आम लोगों के पुनर्वास का कार्य सरकार करेगी। हाईकोर्ट बेंच के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल से साफ कहा कि जिस कानून के तहत हाईकोर्ट बेंच बनी हो, उसके अनुसार प्रत्यावेदन दीजिये। हम केंद्र सरकार के सामने उसकी पैरवी करेंगे।

# ट्रांसफार्म फटने से 5 झुलसे, एक की मौत

**बिजली विभाग के अधिकारी 4 घंटे छिपाए रहे मामला, पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सिहानीगेट थाना क्षेत्र स्थित भाटिया पॉटरीज में शाम ट्रांसफॉर्मर बदलते समय बड़ा हादसा हो गया। नया ट्रांसफॉर्मर रखते वक्त अचानक तेज धमाके के साथ वह फट गया। इसमें भरा गर्म तेल और कॉपर के टुकड़े आसपास मौजूद कर्मचारियों पर जा गिरे। हादसे में बिजली विभाग के ठेका कर्मचारियों समेत 5 लोग झुलस गए। इनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद फैक्टरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे तीन लोगों को कालका गढ़ी चौराहा स्थित पन्नालाल श्यामलाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर सिहानीगेट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे में बिजली विभाग के ठेका कर्मचारियों समेत 5 लोग झुलस गए। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। तेज धमाके के साथ फटा ट्रांसफॉर्मर पुलिस के मुताबिक, भाटिया पॉटरीज परिसर में पुराना खराब ट्रांसफॉर्मर हटाकर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रांसफॉर्मर फट गया। धमाके के साथ गर्म तेल बाहर निकला और आसपास मौजूद कर्मचारियों पर गिर गया। इससे वहां चीख-पुकार मच गई और कर्मचारी जान बचाकर भागने लगे। पुलिस के अनुसार नंदग्राम के हरिवंश नगर निवासी दीपक शर्मा (48), पुत्र देवदास शर्मा, करीब 50 प्रतिशत झुलसे थे। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खुर्द निवासी नियाबुल (35), पुत्र नबी जान, करीब 80 प्रतिशत झुलसे थे। उनकी हालत गंभीर बताई गई। इसी गांव का इकरार भी हादसे में झुलस गया। दो अन्य कर्मचारी करीब 10 प्रतिशत झुलसे बताए गए हैं। इलाज के दौरान एक कर्मचारी की मौत हादसे में झुलसे कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि मृतक की पहचान और मौत के संबंध में पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। कई घंटे बाद पुलिस को दी गई सूचना सिहानीगेट पुलिस का कहना है कि हादसे के कई घंटे बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसा किस वजह से हुआ, इसकी भी जांच की जा रही है सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि घायलों से पूछताछ में सामने आया कि पुराने ट्रांसफॉर्मर को हटाकर नया ट्रांसफॉर्मर रखा जा रहा था। इसी दौरान ट्रांसफॉर्मर फट गया और गर्म तेल कर्मचारियों के ऊपर गिरने से वे झुलस गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

# एसएसपी ऑफिस में महिला ने चाकू निकालकर किया हंगामा

**बोली- रेप की धमकी मिली; नस काटकर जान दे दूंगी, इंस्पेक्टर ने पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एसएसपी ऑफिस के बाहर दोपहर एक 45 साल की महिला ने जमकर हंगामा किया। वह चाकू लेकर पहुंची थी और हाथ की नस काटकर जान देने की धमकी देने लगी। महिला ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। उसका कहना था कि एक युवक करीब एक महीने से उसे परेशान कर रहा है और धमकी देता है ।पुलिसकर्मी करीब 40 मिनट तक महिला को समझाते रहे। इसी बीच मौका पाकर इंस्पेक्टर ने महिला को पकड़ लिया। इसके बाद दूसरे पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। घटना दोपहर करीब 2:30 बजे की है।

### एसएसपी ऑफिस के गेट पर रोका तो भड़की महिला

हिमाचल प्रदेश की रहने वाली महिला सरधना क्षेत्र के एक गांव में पति और दो बच्चों के साथ रहती है। उसके पति प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। महिला के मुताबिक, वह बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे अपनी शिकायत लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंची थी। गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे रोक दिया। महिला ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह मंगलवार को भी शिकायत लेकर आई थी। उस समय उससे कहा गया था कि अफसर उठ चुके हैं। दोबारा आने पर उसे बताया गया कि शिकायत का समय निकल चुका है और अभी अफसर मौजूद नहीं हैं। इस पर महिला भड़क गई और गेट पर ही हंगामा शुरू कर दिया।


### चाकू निकालकर खुद को नुकसान पहुंचाने लगी

महिला ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार से नाराज होकर चाकू निकाल लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी और खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने लगी। हंगामा बढ़ने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने सिविल लाइन थाने को सूचना दी। इंस्पेक्टर सिविल लाइन अरुण भाटी महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह शांत नहीं हुई। करीब आधे घंटे तक पुलिसकर्मी महिला को समझाते रहे। जब वह नहीं मानी तो पुलिसकर्मियों ने उसका ध्यान दूसरी तरफ लगाने की कोशिश की। इसी दौरान इंस्पेक्टर अरुण भाटी झाड़ियों के रास्ते पीछे से महिला के पास पहुंचे और उसके हाथ से चाकू छीन लिया। इसके बाद पुलिस महिला को थाने ले गई।

# हिट एंड रन मामले में थार चालक गिरफ्तार

**हादसे में सुप्रीम कोर्ट के वकील की हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हुए हिट एंड रन मामले में पुलिस ने आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आशीष पॉल के रूप में हुई है। बिसरख थाना पुलिस ने उसे पकड़ा है। इस हादसे में सुप्रीम कोर्ट के वकील नीरज कुमार सिन्हा (40) की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं ।यह घटना सोमवार को बिसरख थाना क्षेत्र के इटैड़ा में हुई थी। तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार नीरज और उनकी पत्नी को टक्कर मार दी थी। पुलिस के अनुसार, हादसा थार चालक के ओवरटेक करने के दौरान हुआ था। टक्कर के बाद आरोपी चालक थार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था ।घटना के बाद पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं। पुलिस ने आशीष पॉल को गिरफ्तार कर लिया। हादसे में घायल नीरज कुमार सिन्हा की पत्नी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनका नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि महिला के शरीर में करीब 18 फ्रैक्चर हुए हैं। वह एक प्ले स्कूल में टीचर हैं। नीरज और उनकी पत्नी की शादी इसी साल 9 मार्च को हुई थी ।घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी।

# गांव में परखेंगे इमारतों की मजबूती

**निर्माण के बाद देनी होगी स्ट्रेचरल सेफ्टी रिपोर्ट, यूनिफाइड पॉलिसी में जोड़ा गया क्लॉज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,गांवों में बनी और निमार्णाधीन बहुमंजिला इमारतों की सुरक्षा को लेकर प्राधिकरण अब सख्ती करने जा रहा है। इन इमारतों के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी रिपोर्ट अनिवार्य करने की तैयारी है। इसके लिए शासन को भेजी गई यूनिफाइड पॉलिसी में विशेष प्रावधान जोड़ा गया है ।हालांकि यूनिफाइड पॉलिसी मुख्य रूप से इंडस्ट्री से जुड़ी है, लेकिन ग्रामीण आबादी की सुरक्षा को देखते हुए इसमें गांवों की इमारतों की संरचनात्मक सुरक्षा को भी शामिल किया गया है।

### शासन की मंजूरी के बाद लागू होगी व्यवस्था

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि यूनिफाइड पॉलिसी में ग्रामीण क्षेत्रों की इमारतों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी को लेकर प्रावधान किया गया है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव को प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद इसे लागू किया जाएगा। दिल्ली में इमारत गिरने की घटना के बाद नोएडा के गांवों में भी जर्जर और असुरक्षित इमारतों का सर्वे कराया जा रहा है। प्राधिकरण की टीमें ऐसी इमारतों को चिन्हित कर रही हैं। जिन भवनों को असुरक्षित पाया जा रहा है, वहां नोटिस भी चस्पा किए जा रहे हैं।

नक्शा नीति लागू, लेकिन सुरक्षा पर सवाल नोएडा के गांवों में प्राधिकरण की नक्शा नीति लागू है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में निर्माण होने के कारण भवनों की संरचनात्मक सुरक्षा का मुद्दा सामने आता रहा है। कई गांवों में सीमित जगह पर बहुमंजिला इमारतें खड़ी हो गई हैं।

# कार ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को मारी टक्कर

**गंभीर घायल, ऑल्टो ङ-10 चला रही महिला हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के शारदा गोलचक्कर पर रॉन्ग साइड से आ रही कार ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में यातायात आरक्षी मोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार के मुताबिक, मोहित कुमार बाइक से शारदा गोलचक्कर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से रॉन्ग साइड आ रही ऑल्टो ङ-10 कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी ।ग्रेटर नोएडा के शारदा गोलचक्कर पर रॉन्ग साइड से आ रही कार ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में यातायात आरक्षी मोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए ।हादसे में यातायात आरक्षी मोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से अस्पताल पहुंचायाकार आकांक्षा चला रही थीं। पुलिस के अनुसार, वह बड़ौत, बागपत निवासी आदित्य की पत्नी हैं। टक्कर के बाद मोहित कुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल पुलिसकर्मी को शारदा अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है। चालक आकांक्षा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के सातवें दिन धनबाद मंडल में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान




**अमन लेखनी समाचार**

धनबाद। स्वच्छता ही सेवा अभियान के सातवें दिन धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रति जागरूकता हेतु डोर-टू-डोर अभियान चलाया गयो इस दौरान रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को गीले एवं सूखे कचरे को क्रमश हरे एवं नीले डस्टबिन में अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया गयो साथ ही, सतत विकास एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेशनों एवं कार्यालय भवनों पर स्थापित सोलर पैनलों की विशेष सफाई की गईं अभियान के तहत स्कूली छात्रों का कोचिंग डिपो, धनबाद का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गयो छात्रों को बताया गया कि अउहढ पारंपरिक सफाई पद्धति की तुलना में 80 प्रतिशत तक पानी की बचत करता है तथा रीसाइकिल्ड पानी के उपयोग से ट्रेनों की तेज एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करता हैं

# वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के प्रस्ताव पर बनी सहमति

**स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 02 सहायक मतदेय स्थल प्रस्तावित, 05 मतदेय स्थलों के नामों में संशोधन।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के प्रस्ताव के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, सहायक मतदेय स्थल बनाए जाने तथा पूर्व अधिसूचित मतदेय स्थलों के नामों में संशोधन के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के दो मतदेय स्थलों पर 1400 से अधिक मतदाता होने के कारण उसी मतदान केन्द्र पर एक-एक सहायक मतदेय स्थल प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत मतदेय स्थल संख्या-250, राजा शारदा महेश इण्टर कालेज, रॉबर्ट्सगंज कक्ष संख्या-5 के साथ 250-अ, कक्ष संख्या-4 तथा मतदेय स्थल संख्या-258, विकास खण्ड कार्यालय, दुद्धी कक्ष संख्या-1 के साथ 258-अ, कक्ष संख्या-3 प्रस्तावित किया गया है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी मतदेय स्थल पर 1400 से अधिक मतदाता नहीं होने के कारण कोई सहायक मतदेय स्थल प्रस्तावित नहीं किया गया है। बैठक में पूर्व में अधिसूचित मतदेय स्थलों के नामों में आवश्यक संशोधन की जानकारी भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 03 तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 02 मतदेय स्थलों के नाम संशोधित किए गए हैं। संशोधित प्रस्ताव के अनुसार जनपद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 मतदान केन्द्रों पर कुल 21 मतदेय स्थल तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मतदान केन्द्रों पर कुल 13 मतदेय स्थल स्थापित होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं पदनामित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कराते हुए कक्ष, पेयजल, प्रकाश, शौचालय सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्तमान में वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में 16,386 मतदाता तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में 1,543 मतदाता दर्ज हैं। पात्र व्यक्ति, जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं, 29 सितम्बर 2026 से पूर्व फार्म-18 एवं फार्म-19 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। राजनीतिक दलों अथवा संगठनों द्वारा बल्क में फार्म जमा नहीं कराए जाएंगे। बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रधान जिला कार्यालय सचिव अनिल यादव, अपना दल (सोनेलाल) के जिला मीडिया सचिव नीरज सिंह पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शम्भू नारायण सिंह, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम तथा जन अधिकार पार्टी के विजय मल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खास समाचार

# तीन दिन से लापता 23 वर्षीय अजय का सई नदी में मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव से तीन दिन से लापता 23 वर्षीय अजय का शव चौथे दिन गुरुवार दोपहर करीब 3:15 बजे सई नदी से बरामद हुआ। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने पुल से करीब 200 मीटर दूर तेज धार में झाड़ियों में फंसे शव को बाहर निकाला। अजय 20 सितंबर को घर से लापता हुआ था। परिजनों ने 21 सितंबर को कासिमपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तलाश के दौरान हरदोई-उन्नाव सीमा पर स्थित सई नदी के पुल पर अजय का मोबाइल फोन और चप्पल मिले थे। इसके बाद पुलिस ने नदी में तलाश शुरू कराई थी। गुरुवार को एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने अभियान चलाकर शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

जिगना। थाना जिगना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और प्रताड़ित करने के मामले में नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रयागराज जनपद के थाना मांडा क्षेत्र के सकरी निवासी रमाशंकर बिंद ने 20 सितंबर को जिगना थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बुधवार को उपनिरीक्षक लवकुश शुक्ला पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र से नामजद आरोपित दीपक बिंद पुत्र त्रिभुवन बिंद निवासी अगनपुर नरोईया, थाना जिगना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी का आरोप, शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

जनपद मीरजापुर देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गहरवार (गोपालापुर) गांव की निवासी महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी एवं अशोभनीय हरकत करने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, साधना देवी पत्नी सुनील कुमार यादव 21 सितंबर की रात करीब 10 बजे अपने मकान के बरामदे में सो रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव का तौलन यादव पुत्र शिवशंकर यादव घर में घुस आया और महिला के साथ छेड़खानी करने लगा।महिला के शोर मचाने पर घर के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। प्रार्थिनी के अनुसार उसके पति बाहर रहकर ड्राइवर का कार्य करते हैं।

# जिला पंचायत संसाधन केंद्र में भव्यता के साथ मनाया गया 11वां आयुर्वेद दिवस



**आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने के लिए छात्रों को किया प्रेरित।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिला पंचायत संसाधन केंद्र (ऊढफउ), जनपद सोनभद्र में जिलास्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने लोकजीवन में स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगों की चिकित्सा में आयुर्वेद के महत्व एवं बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद दिवस के महत्व एवं उद्देश्यों पर आधारित भाषण, निबंध, क्विज, पोस्टर पेंटिंग एवं रील वीडियो निर्माण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय बालिका विद्यालय, कीर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, ओम प्रकाश कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, जिला शैक्षणिक प्रशिक्षण संस्थान तथा राजकीय महिला महाविद्यालय राबर्ट्सगंज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही प्रतिभागी शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने अनिल दुबे की माताजी के निधन पर जताई शोक संवेदना

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे की माताजी श्रीमती सुशीला दुबे के आकस्मिक निधन पर केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।जयंत चौधरी ने 23 सितंबर 2026 को अनिल दुबे को भेजे शोक संदेश में कहा कि श्रीमती सुशीला दुबे के आकस्मिक निधन का समाचार जानकर उन्हें अत्यंत दुख हुआ। उन्होंने अनिल दुबे एवं उनके समस्त शोक-संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

# एनसीएल के सहयोग से सोनभद्र में 4.27 करोड़ के विकास कार्यों को मिलेगी गति

**ओपेन जिम, दो एम्बुलेंस और दो सीसी रोड समेत कस्तूरबा विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए हुआ एमओयू**

**डीपीआर व समन्वय संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उद्यमी मित्र के माध्यम से एनसीएल से समन्वय के निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में एनसीएल सिंगरौली एवं जनपद के संबंधित विभागों के मध्य सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं के लिए एमओयू का हस्तांतरण किया गया। कुल रुपया 426.83 लाख (लगभग रुपया 4.27 करोड़) की लागत वाली इन परियोजनाओं से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं जनसुविधाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। एमओयू के अंतर्गत बढ़ौली चौराहे के पास ओपेन जिम के निर्माण के लिए रुपया 96.82 लाख की परियोजना पर नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज एवं एनसीएल सिंगरौली के मध्य एमओयू हुआ। दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 02 एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु रुपया 66.00 लाख की परियोजना पर डिप्टी सीएमओ एवं एनसीएल सिंगरौली के मध्य एमओयू किया गया। इसी क्रम में चतरा ब्लॉक में सेहुआं हनुमान मंदिर से अम्बेडकर हरिजन बस्ती तक सीसी रोड के निर्माण के लिए रुपया 98.25 लाख तथा करमा ब्लॉक में खुटहनियां बरबसपुर रोड से दूबे बगीचा तक सीसी रोड के निर्माण के लिए रुपया 95.72 लाख की परियोजनाओं पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं एनसीएल सिंगरौली के मध्य एमओयू हस्तांतरित किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत के लिए रुपया 70.04 लाख की परियोजना पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं एनसीएल सिंगरौली के मध्य एमओयू हुआ। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सीएसआर के माध्यम से कराए जा रहे सभी कार्य सीधे जनहित एवं जनसुविधाओं से जुड़े हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने बताया कि 09 सितम्बर 2026 को आयोजित सीएसआर बैठक में दिए गए निदेर्शों के क्रम में एनसीएल सिंगरौली के महाप्रबंधक के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

# हाथीनाला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस की उद्घोषणा का कराया गया तामीला

**मुनादी कराते हुए उद्घोषणा अभियुक्त के घर के मुख्य द्वार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर की गई चस्पा**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत जारी उद्घोषणा का तामीला किया गया। थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0-04/2026, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त (वाहन स्वामी) अब्दुल कलीम उर्फ अब्दुल करीम पुत्र मोहम्मद जलाल, निवासी 18-7-425/73/2 भवानी नगर 1अ, तालाब कट्टा, चारमीनार, थाना भवानी नगर, कमिश्नरेट हैदराबाद के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत जारी उद्घोषणा का आज दिनांक 23.09.2026 को तामीला कराया गया। विवेचक/थानाध्यक्ष हाथीनाला विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से अभियुक्त के उपरोक्त निवास स्थान पर पहुंचकर मुनादी कराते हुए माननीय न्यायालय द्वारा जारी उद्घोषणा को अभियुक्त के घर के मुख्य द्वार, प्रखण्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नियमानुसार चस्पा किया गया। साथ ही अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु धारा 55 बीएनएसएस के अंतर्गत थाना भवानीनगर कमिश्नरेट हैदराबाद में हुकुमी तहरीर दी गई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक दस्तक अभियान संचालित किया जाना है। संचारी रोगों की रोकथाम एवं विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में प्रथम अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। अक्टूबर 2026 के लिए इन दोनों अभियानों की निर्धारित अवधि की पुष्टि हालिया उत्तर प्रदेश की जिला-स्तरीय तैयारियों से भी होती है। बैठक में चिकित्सा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, ग्राम विकास विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं सूचना विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी तथा समस्त ब्लॉक अधीक्षक, बीसीपीएम, डीपीएम एवं एनएचएम के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के प्रारम्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र द्वारा बताया गया कि 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जाना प्रस्तावित है। अभियान के दौरान सभी संबंधित विभागों के सहयोग से शासन की गाइडलाइन के अनुसार साफ-सफाई, स्वच्छता एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिला मलेरिया अधिकारी, सोनभद्र द्वारा पीपीटी के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों, विभागवार प्रशिक्षण एवं माइक्रोप्लान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति किया जाएगा जागरूक मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय बच्चों को संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने, पूरी बांह की यूनिफॉर्म पहनने तथा बुखार आने पर ह्यक्या करें-क्या न करेंह्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाए। प्रत्येक विद्यालय में हाथ धोने के लिए हैंडवॉश की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध कराए गए पम्पलेट विद्यालयों में वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए।

## साफ–सफाई, फॉगिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव पर विशेष जोर

समस्त अधिशासी अधिकारियों एवं पंचायत विभाग को नालियों की नियमित साफ-सफाई, जल निकासी एवं कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग कराने तथा इसकी फोटो संचारी रोग नियंत्रण अभियान के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही चुर्क में सोन पम्प जाने वाले मार्ग पर डम्प कचरे का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के संबंधित अधिकारी को दिए गए। ग्राम विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही माइक्रोप्लान के अनुसार एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, कचरा निस्तारण, नालियों की सफाई एवं झाड़ियों की कटाई सहित अन्य निर्धारित गतिविधियां कराने के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना एवं भारत टैक्सी सेवा का हुआ शुभारंभ

**लघु एवं सीमांत किसानों को 6 लाख तक का ऋण 6 प्रतिशत प्रभावी ब्याज दर पर**

**सारथी ही मालिकह्न की भावना से संचालित होगी भारत टैक्सी सेवा।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना एवं भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकासखंड रॉबर्ट्सगंज, तहसील रॉबर्ट्सगंज स्थित बी-पैक्स गयारतवल में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधिका पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत कृषकों को सुलभ एवं रियायती दर पर दीर्घकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र कृषकों को 6 लाख तक का दीर्घकालीन ऋण 6 प्रतिशत की प्रभावी ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। समय से किस्त जमा करने वाले पात्र कृषकों को राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान का लाभ भी मिलेगा। योजना के लिए 384 करोड़ के ब्याज अनुदान की स्वीकृति तथा आगामी पांच वर्षों में लगभग 5 लाख कृषकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर भारत टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ किया गया। सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (रळउछ) द्वारा संचालित इस सहकारी डिजिटल राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म में चालक सदस्य एवं हितधारक के रूप में जुड़ेंगे। ह्यसारथी ही मालिकह्न की भावना के साथ सेवा का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ चालकों के आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

# अनपरा पुलिस द्वारा 6.84 ग्राम हेरोइन के साथ 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चोपन के एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में था वांछित**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में ऑपरेशन शुद्धि के तहत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 23.09.2026 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा वांछित अपराधी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर वारफॉल सर्विस लेन, हैंडपंप के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर समय करीब 02:31 बजे उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 02 पारदर्शी पॉलिथीन में कुल 6.84 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। अभियुक्त गुड्डू यादव उपरोक्त थाना चोपन के मु0अ0स0- 319/2026, धारा 8/21/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 111(2), 111(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त है। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-195/2026 धारा 8/21/27 ए/29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर, अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# अगर करते हैं सिटिंग जॉब करें ये आसन-वर्कआउट



सिटिंग जॉब करने वाले अधिकतर लोग पीठ में अकड़न, गर्दन-कंधे के दर्द से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए आप यहां बताए जा रहे कुछ वर्कआउट्स और आसन को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। इससे आपको इन सभी दर्दों से बहुत राहत मिलेगी।

**फिटनेस**

काम्या मल्होत्रा
योग एक्सपर्ट

आज के दौर में अधिकांश सेक्टर्स के ऑफिसियल प्रोफेशनल्स, डेस्क जॉब करते हैं। दिन में 8 से 10 घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न, कंधों का भारीपन, आंखों पर तनाव, बढ़ता वजन और मानसिक थकावट जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा लगातार बैठने के कारण शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी कम होने लगती है। ऐसे में सिर्फ कुछ मिनट योगासन करके शरीर को फिर से एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस कराया जा सकता है।



**गहरी श्वास और ध्यान:** इसे करने के लिए आंखें बंद करें और आरामदायक पोजीशन से बैठ जाएं, फिर नाक से गहरी सांस लें। 3-4 सेकेंड तक रोकें और धीरे-धीरे छोड़ें। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। गहरी श्वास लेना तनाव कम करने में सहायक होता है और मानसिक शांति बनाए रखता है।

**नेक स्ट्रेचिंग:** इस वर्कआउट को करने के लिए सबसे पहले आराम से सीधे बैठ जाएं या खड़े हो जाएं। फिर धीरे-धीरे गर्दन को दाईं ओर झुकाएं और 10-15 सेकेंड तक रोकें। फिर बाईं ओर यही प्रक्रिया दोहराएं। इसके बाद गर्दन को आगे और पीछे हल्के से झुकाएं। इस अभ्यास से गर्दन की मांसपेशियों का तनाव कम होता है। लंबे समय तक स्क्रीन पर नजरें गड़ाने से होने वाली जकड़न में राहत मिलती है।

**सीटेड स्पाइनल ट्विस्ट:** इस वर्कआउट को करने के लिए कुर्सी पर बैठकर शरीर के ऊपरी हिस्से को धीरे-धीरे दाईं ओर घुमाएं और कुर्सी के पीछे का सहारा लें। 15-20 सेकेंड तक रुकें, फिर दूसरी ओर दोहराएं। यह अभ्यास रीढ़ की गतिशीलता बढ़ाने में मदद करता है और कमर व पीठ के तनाव को कम करता है।

**शोल्डर रोल-आर्म स्ट्रेच:** इस वर्कआउट को करने के लिए दोनों कंधों को धीरे-धीरे आगे और पीछे गोल घुमाएं। इसके बाद दोनों हाथों को ऊपर उठाकर अच्छी तरह स्ट्रेच करें और गहरी सांस लें। फिर हाथों को आराम से नीचे लाएं। यह अभ्यास कंधों के तनाव को कम करता है और ऊपरी शरीर में रक्त संचार बेहतर बनाने में मदद करता है। इसका अभ्यास 1 मिनट करें।

**मार्जरी आसन:** इसे सीटेड कैट या काउ स्ट्रेच भी कहते हैं। इस आसन को करने के लिए कुर्सी पर सीधे बैठें। सांस लेते हुए छाती को आगे निकालें और पीठ को हल्का मोड़ें। सांस छोड़ते हुए पीठ को गोल करें और ठुड्डी को नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। यह स्ट्रेच रीढ़ की लचक को बनाए रखने में सहायक होता है। साथ ही यह आसन लंबे समय तक बैठने से होने वाली जकड़न कम करने में मदद करता है।

**भुजंगासन:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं और हाथों के सहारे ऊपरी शरीर को ऊपर उठाएं। अपनी सुविधानुसार कुछ सेकेंड रहें। इस आसन को करने से झुककर बैठने के कारण जो पोस्चर खराब होता है, यह आसन ठीक करता है। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

### इन पर भी करें अमल

- हर आधे या एक घंटे में अपनी सीट से 2 मिनट के लिए उठें और थोड़ा टहलें।
- पर्याप्त पानी पिएं। पानी भरपूर न पीने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव हो सकता है।
- डेस्क जॉब करते समय कंप्यूटर स्क्रीन के लेवल को हमेशा अपनी आंखों के लेवल पर रखें, जिससे गर्दन पर अतिरिक्त स्ट्रेस न पड़े।
- पैरों को जमीन पर सीधा टिकाकर बैठें।
- यदि आपको पहले से गंभीर कमर, गर्दन या रीढ़ की समस्या है, तो किसी भी नए व्यायाम को शुरू करने से पहले डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

**डॉक्टर्स एडवाइस**

# बढ़ रहा हार्ट प्रॉब्लम का रिस्क गुड हैबिट्स से आप रहेंगे हेल्दी

अनियमित-निष्क्रिय जीवनशैली, अनहेल्दी खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही की वजह से हर उम्र के लोगों में हार्ट प्रॉब्लम्स बढ़ रही हैं। अगर समय रहते अपनी लाइफस्टाइल सुधार ली जाए तो इनसे बचाव संभव है। साथ ही हार्ट प्रॉब्लम्स के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना भी जरूरी है। ताकि समस्या को गंभीर होने से रोका जा सके। हार्ट को हेल्दी रखने के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स यहां डिटेल में बता रहे हैं।

हार्ट हम सभी के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी हेल्थ को इग्नोर करने से असमय डेथ का भी रिस्क होता है। एक समय तक यह समस्या केवल बुजुर्गों में होती थी लेकिन बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव, खराब नींद, शारीरिक गतिविधि की कमी, असंतुलित खान-पान और धूम्रपान की आदतों जैसे कारण, कम उम्र में भी हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा हैं। ऐसे में जरूरी है कि हार्ट हेल्थ को लेकर हम कॉन्शस रहें। सीने में दर्द, सांस फूलने, चक्कर आने, कमजोरी जैसे लक्षणों को गैस या थकान समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।


## इसलिए बढ़ती हैं हार्ट प्रॉब्लम्स

हर उम्र के लोगों में बढ़ती हार्ट प्रॉब्लम के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. अमर सिंघल** कहते हैं, 'दिल की बीमारी अब सिर्फ उम्रदराज लोगों की समस्या नहीं रह गई है। बदलती जीवनशैली, लगातार तनाव, कम शारीरिक गतिविधि, अनियमित खान-पान, धूम्रपान और पर्याप्त नींद न लेना कम उम्र में भी दिल की सेहत को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए रोजमर्रा की आदतों में छोटे लेकिन जरूरी बदलाव करना बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक बैठे रहना, बाहर का ज्यादा तला-भुना और नमक वाला खाना, ज्यादा चीनी का सेवन और शारीरिक गतिविधि की कमी शरीर में मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ा सकती है। ये सभी स्थितियां आगे चलकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने वाले प्रमुख कारणों में शामिल हैं। दिल की सेहत अच्छी रखने के लिए रोज कम से कम 30 मिनट की नियमित शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। खाने में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और संतुलित मात्रा में प्रोटीन को शामिल करें। नमक, ट्रांस फैट और ज्यादा प्रोसेस्ड फूड से बचना



चाहिए। सिर्फ बीमारी होने पर ही स्वास्थ्य जांच कराने की जरूरत नहीं है। समय-समय पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराना भी जरूरी है। अगर परिवार में किसी को कम उम्र में हृदय रोग रहा है तो विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।इसके साथ ही रोजाना पर्याप्त नींद लेना और तनाव को नियंत्रित रखना भी दिल की सेहत के लिए जरूरी है। लगातार तनाव और नींद की कमी ब्लड प्रेशर समेत कई दूसरी समस्याओं को बढ़ा सकती है। काम के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लेना, कुछ देर पैदल चलना, सीढ़ियों का इस्तेमाल करना और स्क्रीन टाइम कम करना भी फायदेमंद हो सकता है। धूम्रपान और तंबाकू से पूरी तरह दूरी बनाना बेहद जरूरी है। शराब का सेवन करने वालों को भी इसके नुकसान और





व्यक्तिगत स्वास्थ्य जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए। स्वस्थ दिल के लिए सबसे जरूरी है कि हम बीमारी का इंतजार करने के बजाय पहले से ही बचाव पर ध्यान दें और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करें, जिन्हें लंबे समय तक आसानी से अपनाया जा सके।'


## इन लक्षणों पर रखें नजर

सीने में दर्द, दबाव या भारीपन, सांस फूलना, अचानक बहुत ज्यादा पसीना आना, चक्कर या असामान्य कमजोरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासकर अगर ये लक्षण अचानक आएं या लगातार बने रहें तो तुरंत चिकित्सकीय मदद लेनी चाहिए। दिल के मामले में समय पर पहचान और इलाज बहुत महत्वपूर्ण होता है। कम उम्र में हार्ट प्रॉब्लम्स के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी, **डॉ. अंकेश अग्रवाल** डिटेल में बताते हैं, 'कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले सामने आने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। युवाओं में धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, शारीरिक गतिविधि की कमी और लगातार तनाव जैसे जोखिम कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उम्र कम होने को दिल की बीमारी से सुरक्षा की गारंटी नहीं माना जा सकता। अनियमित दिनचर्या, देर रात तक जागना, फास्ट फूड का अधिक सेवन और लंबे समय तक बैठे रहना भी दिल की सेहत पर असर डाल सकता है। कई लोग सीने में दर्द या सांस फूलने जैसी समस्या को गैस, थकान या तनाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह लापरवाही गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सीने में दबाव या दर्द के साथ सांस लेने में परेशानी, पसीना आना, मितली, चक्कर, बाएं हाथ, कंधे, पीठ या जबड़े तक दर्द होना, चेतावनी का संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षण अचानक दिखाई दें तो घर पर इंतजार करने या खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। खासतौर पर दर्द कुछ मिनट से ज्यादा समय तक रहे या आराम करने के बाद भी कम न हो तो इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। हृदय रोग से बचाव की शुरुआत रोजमर्रा की आदतों से होती है। धूम्रपान और तंबाकू से दूरी, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, वजन नियंत्रित रखना और ब्लड प्रेशर, शुगर व कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच जरूरी है। जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल है, उन्हें इसे सामान्य समस्या समझकर छोड़ना नहीं चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित जांच और इलाज जरूरी है। पर्याप्त नींद लेना, तनाव को नियंत्रित करना और लगातार बैठे रहने से बचना भी हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

### नींद-तनाव का हार्ट हेल्थ से संबंध

**नींद और** तनाव का भी हार्ट हेल्थ से गहरा संबंध होता है। इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी, **डॉ. अभिनव श्रीवास्तव** बताते हैं, 'हार्ट हेल्थ को सिर्फ खान-पान और एक्सरसाइज तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। मानसिक तनाव, खराब नींद और लगातार भाग-दौड़ वाली जीवनशैली भी हृदय स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। आज की व्यस्त दिनचर्या में लोग वर्क प्रेशर, परिवार और दूसरी जिम्मेदारियों के बीच अपने शरीर और दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं दे पाते, जिसका असर धीरे-धीरे स्वास्थ्य पर दिखाई दे सकता है। लगातार तनाव की स्थिति में शरीर में ऐसे हार्मोन और बदलाव होते हैं, जो ब्लड प्रेशर और हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेना भी शरीर के लिए ठीक नहीं है। इसलिए दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेना जरूरी है। तनाव कम करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कुछ समय खुद के लिए निकालना चाहिए। वॉकिंग, योग, मेडिटेशन, पसंद की गतिविधियां और परिवार के साथ समय बिताना तनाव कम करने में मदद कर सकता है। काम के दौरान लगातार कई घंटे बैठे रहने के बजाय बीच-बीच में उठकर चलना भी फायदेमंद है।



**डाइट**

विधि गोयल

# खाली पेट नारियल पानी पीने के फायदे

नारियल पानी पीना सिर्फ गर्मियों में ही नहीं, हर मौसम में सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता। यह न सिर्फ प्यास बुझाता है, बल्कि शरीर को तुरंत हाइड्रेशन देने के साथ जरूरी मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स देकर अंदर से पोषण भी देता है। यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम, फॉस्फोरस और नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फैट और कैलोरी कम होती है, इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।

**इंस्टेंट हाइड्रेशन:** सुबह जगने के बाद नारियल पानी पीने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी तुरंत पूरी होती है, जिससे दिनभर तरोताजा महसूस होता है। सुबह खाली पेट नारियल पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है।



**इम्युनिटी बूस्टर:** इसमें विटामिन-सी, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। यह शरीर को इंफेक्शन और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है।

**डाइजेशन में सुधार:** नारियल पानी में लॉरिक एसिड और फाइबर पाया जाता है। लॉरिक एसिड इम्युनिटी बढ़ाता है और पेट के इंफेक्शन से बचाता है। यह डाइजेशन सिस्टम को मजबूत बनाता है और सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से एसिडिटी, गैस, कब्ज और पेट में जलन दूर होती है।

**डायबिटीज कंट्रोल में मददगार:** नारियल पानी में शुगर की मात्रा कम होती है और यह ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

**वजन घटाने में सहायक:** जो वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए नारियल पानी सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और फैट बिल्कुल नहीं होता। इसे पीने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे ओवर ईटिंग नहीं होती है।

**स्किन-बालों में निखार:** शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलने से स्किन साफ और ग्लोइंग बनती है। नारियल पानी पीने से मुंहासों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर नेचुरल निखार आता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने से रोकता है। इसे पीने से हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। *

**अल्टरनेटिव ट्रीटमेंट**

शिखर चंद जैन

कई ऐसे शारीरिक और मानसिक रोग होते हैं, जिनके उपचार में ट्रेडिशनल थेरेपीज के समान ही कुछ डिफरेंट थेरेपीज भी कारगर हो सकती हैं। ये थेरेपीज क्या हैं, कैसे काम करती हैं, इनके बारे में डिटेल में जानिए।

# बहुत डिफरेंट ही नहीं इफेक्टिव भी हैं ये थेरेपीज

जीवन की भागदौड़ और मानसिक तनाव के बीच, जब भी किसी रोग के इलाज की बात आती है, तो हमारा ध्यान अधिकतर एलोपैथी दवाओं पर जाता है। लेकिन चिकित्सा और मनोविज्ञान की दुनिया में कई ऐसी अपरंपरागत थेरेपीज मौजूद हैं, जो आसान और बहुत कारगर हैं।

**बिबलियोथेरेपी:** जब आप किसी ऐसे काल्पनिक पात्र के बारे में पढ़ते हैं, जो बिल्कुल आपकी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तो आपका मस्तिष्क उससे जुड़ जाता है। इसे मनोविज्ञान में 'कैथार्सिस' यानी भावनाओं का शुद्धिकरण कहते हैं। अपनी मानसिक स्थिति की पहचान करें जैसे-ब्रेकअप, नौकरी का तनाव, या अकेलापन, फिर ऐसी किताबें चुनें, जो उस विषय पर हों। इन किताबों को रोज 15-20 मिनट जरूर पढ़ें। यह प्रक्रिया आत्म-जागरूकता बढ़ाती है और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करती है।





डांस-मूवमेंट थेरेपी



साउंड हीलिंग

**क्रायोथेरेपी:** अत्यधिक ठंड के संपर्क में आने से शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। जब शरीर वापस सामान्य तापमान पर आता है, तो अंगों में तेजी से ऑक्सीजन युक्त खून का बहाव होता है। इसके लिए किसी प्रोफेशनल सेंटर में 2 से 3 मिनट के लिए कोल्ड चैंबर (-110 डिग्री. सेंटीग्रेड से 140 डिग्री. सेंटीग्रेड) में पैर रखा जाता है। इससे मांसपेशियों की रिकवरी तेज होती है और एथलीटों का दर्द तुरंत गायब होता है।

**शिनरिन-योकू (फॉरेस्ट बाथिंग):** यह थेरेपी जापान में बहुत फेमस है। जंगलों और पेड़ों (विशेषकर देवदार और पाइन) से फाइटोनसाइड्स नामक प्राकृतिक रोगाणुरोधी यौगिक हवा में निकलते हैं। जब हम सांस लेते हैं, तो ये हमारे अंदर जाते हैं। किसी पास के घने पार्क, जंगल या बोटेनिकल गार्डन में जाएं। अपना मोबाइल और ईयरफोन पूरी तरह बंद कर दें या घर छोड़ दें। बिना किसी लक्ष्य के धीरे-धीरे चलें। पत्तों की सरसराहट सुनें, मिट्टी की महक लें और पेड़ों को छुएं। कम से कम 40 मिनट वहां बिताएं। यह ब्लड प्रेशर को कम करता है और नेचुरल किलर इम्यून कोशिकाओं को बढ़ाता है, जो कैंसर से लड़ती हैं।

**साउंड हीलिंग:** हमारा शरीर और मस्तिष्क तरंगों पर काम करते हैं। तिब्बती हीलिंग बाउल्स की आवाज मस्तिष्क की तरंगों को अशांत 'बीटा' स्टेट से शांत 'अल्फा' और 'थीटा' स्टेट में बदल देती है, जो ध्यान की अवस्था है। इसके लिए एक शांत कमरे में लेट जाएं या आराम से बैठ जाएं। यूट्यूब या किसी म्यूजिक एप पर तिब्बतन सिंगिंग बाउल्स 432 हट्र्ज या गोंग बाथ का म्यूजिक चलाएं। फिर हेडफोन लगाकर आंखें बंद करें और केवल उस ध्वनि के कंपन को महसूस करें। रोज 10-15 मिनट करें। इससे क्रॉनिक स्ट्रेस, एंग्जाइटी और अनिद्रा की समस्या जड़ से खत्म होती है।

**डांस-मूवमेंट थेरेपी:** हमारा शरीर मानसिक आघात और दबी हुई भावनाओं को मांसपेशियों के तनाव के रूप में जमा करके रखता है। बिना किसी नियम के शरीर को हिलाने-डुलाने से वह तनाव बाहर निकल जाता है। इसके लिए कमरे का दरवाजा बंद करें ताकि आपको कोई देख न सके। कोई भी ऐसा संगीत बजाएं, जो आपकी वर्तमान भावना को दर्शाता हो, चाहे वह गुस्सा हो, उदासी हो या खुशी। फिर 5 से 10 मिनट तक नाचें या कूदें। भावनाओं को बहने दें। इससे शरीर में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है और दबी हुई भावनाएं बाहर निकलती हैं।

इन थेरेपीज का अभ्यास खुद से कभी न करें। पहले एक्सपर्ट की गाइडेंस लें और अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही करें। *

# ज्ञानेश का चुनाव आयोग!



भारत के चुनाव आयोग के भीतर की असहमतियां सामान्य नहीं हैं। वे राजनीतिक भी नहीं हैं। राहुल गांधी और अखिलेश यादव सरीखे विपक्षी नेताओं के आरोप भी नहीं हैं। याद रखना चाहिए कि चुनाव आयोग कोई एक व्यक्ति नहीं, बहुसदस्यीय संवैधानिक संस्था है। यह व्यवस्था और दर्जा संसद में पारित किया गया है। 1995 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की सरकार ने चुनाव आयोग को तीन सदस्यीय कर उसे अधिनायकवाद से बचाया था। तब की कांग्रेस सरकार तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) टीएन शेषन से बहुत दुखी और परेशान थी, नतीजतन आयोग में तीन आयुक्तों की व्यवस्था की गई। सीईसी और दो अन्य आयुक्तों की संवैधानिक शक्तियां एक समान तय की गईं। अलबत्ता सीईसी बैठकों की अध्यक्षता जरूर कर सकते हैं, यह भी तय किया गया। कोई भी फैसला, आदेश, निर्देश चुनाव आयोग का तब मान्य और स्वीकार्य होगा, जब आयुक्त सर्वसम्मति या बहुमत से निर्णय लेंगे। इंडियन एक्सप्रेस की खोजी खबर और विश्लेषण के बाद चुनाव आयोग का भीतरी यथार्थ और विरोधाभास सार्वजनिक हुए हैं कि 10 महीने में 14 आपत्तियां दो चुनाव आयुक्तों-सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी-ने जताई हैं। उनमें से कुछ सीईसी को भी भेजी गई हैं। ये सामान्य आपत्तियां नहीं हैं। संवैधानिक शख्स की आवाज हैं। वैचारिक मतभेद और बहुसदस्यीय आयोग होने के कारण अथवा किसी भी विविध मंच पर ऐसी असहमतियां जताना बुनियादी तौर पर लोकतांत्रिक है। सवाल है कि चुनाव आयोग का भीतरी मामला कैबिनेट सचिव तक पहुंचने की नौबत क्यों आई? दोनों असहमत आयुक्तों ने कैबिनेट सचिव को चिट्ठियां लिख कर शिकायत क्यों दर्ज कराई? चुनाव आयोग भारत सरकार के तहत काम नहीं करता, बल्कि राष्ट्रपति के प्रति जवाबदेह है। राष्ट्रपति ही सीईसी सहित तीनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं, बेशक भारत सरकार की सलाह पर ही नियुक्तियां की जाती हैं। असहमत आयुक्तों को सीधा राष्ट्रपति को पत्र लिख कर शिकायत करनी चाहिए थी। क्या ऐसे संदर्भ के बावजूद आयोग दावा कर सकता है कि सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं? दूसरा मामला फॉर्म 6 का चुनाव आयुक्तों ने उठाया है।

यह संविधान और सरकारी कार्यप्रणाली का घोर उल्लंघन भी है, यदि फॉर्म में बदलाव किए गए हैं! दोनों असहमत चुनाव आयुक्तों ने फॉर्म 6 में कथित बदलाव को अवैध और अनधिकृत करार दिया है। आयोग को ऐसे संशोधन या परिवर्तन करने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। बदलाव का विशेषाधिकार सरकार और संसद को है। कानून मंत्रालय का विधायी विभाग अपेक्षित बदलाव के बाद गजट में अधिसूचना जारी करता है। उसके बाद ही चुनाव आयोग किसी बदलाव को लागू और प्रभावी कर सकता है। इसके अलावा, दोनों असहमत चुनाव आयुक्तों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), काटे गए करीब 13.37 करोड़ मतदाताओं के नाम, मतदाता सूचियों के केंद्रीकरण, आईटी विभाग की डीजी सीमा खन्ना, मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) की संबद्ध विभाग तक पहुंच न होने, संपूर्ण आयोग के फैसले या निर्देश के बिना ही आधिकारिक बयान जारी करने और अधिकारियों की विदेश यात्रा, बैठकों के एजेंडे और मिनट्स उपलब्ध न कराए जाने पर भी आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। इसके साफ मायने हैं कि आयोग में सीईसी का अधिनायकवाद और एकाधिकार जारी रहा है। फैसले सीईसी ज्ञानेश कुमार गुप्ता के स्तर पर ही लिए जाते रहे हैं। मतदाता सूचियों के केंद्रीकरण का मतलब यह है कि आयोग के स्तर पर किसी भी मतदाता का नाम जोड़ा या काटा जा सकता है। बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा में हम ऐसा महसूस कर चुके हैं। बंगाल में ट्रिब्यूनल काम कर रहे हैं और अभी तक 91 फीसदी से अधिक मतदाताओं को बहाल किया जा चुका है। उनके नाम सूची में शामिल करने के विरोध की भी अपील की गई है। उसमें भी चुनाव आयोग की भूमिका सामने आई है, क्योंकि असहमत आयुक्तों ने सवाल उठाए हैं। बहरहाल आश्चर्य यह है कि अखबार की सांगोपांग खबर को न तो तीनों आयुक्तों में से किसी ने भी खारिज किया है और न ही तीनों ने एक साथ सार्वजनिक मंच पर आकर स्पष्टीकरण दिया है। आयोग के उपनिदेशक की सफाई सरकारी किस्म की, बेमानी है। विपक्ष और देश के निशाने पर सीईसी हैं। सवाल किए जा रहे हैं कि क्या चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार का ही है? विपक्ष उनके खिलाफ केस दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी तक की मांग कर रहा है। देश के युवा भी कई सवाल कर रहे हैं।